दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 । अंक: 256 | जयपुर, रविवार, 25 अगस्त, 2024 । भाद्रपद, कृष्ण पक्ष-षष्ठी, विसं 2081 | पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

**सरकारी नौकरी करने वालों के लिए खुश खबरी:** नई यूनिफाइड पेंशन स्कीम मंजूर

# 23 लाख कर्मचारियों को फायदा, 10 साल नौकरी पर 10 हजार पेंशन

**एजेंसी** | नई दिल्ली

सरकारी नौकरी करने वाले लाखों कर्मचारियों के लिए खुश खबरी है। केंद्रीय कैबिनेट ने यूनिफाइड पेंशन स्कीम को मंजूरी दे दी है। सरकार का दावा है कि इससे केंद्र सरकार के 23 लाख कर्मचारियों को फायदा होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में केंद्र सरकार लगातार ऐतिहासिक फैसले ले रही है। केंद्रीय कैबिनेट मीटिंग ने शनिवार को तीन अहम फैसले लिए हैं। पेंशन स्कीम के साथ ही बायो E3 पॉलिसी और विज्ञान धारा स्कीम को भी केंद्रीय कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है।

केंद्रीय कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि यूनिफाइड पेंशन स्कीम एक अप्रैल 2025 से लागू होगी। यह एक वैकल्पिक स्कीम होगी। कर्मचारियों के पास से एनपीएस या यूपीएस में से किसी एक को चुनने का विकल्प होगा। नई स्कीम उन कर्मचारियों के लिए भी लागू होगी, जिन्होंने 1 जनवरी 2004 के बाद जॉइन किया लेकिन रिटायर हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि इसके तहत अगर किसी कर्मचारी ने न्यूनतम 25 साल तक काम किया है तो रिटायरमेंट के पहले आखिरी 12 महीने के औसत वेतन का कम से कम 50 फीसदी जरूर मिलेगा।



### प्रधानमंत्री मोदी ने कहा...

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई पेंशन स्कीम पर 'X' पोस्ट में कहा, "हमें उन सभी सरकारी कर्मचारियों की कड़ी मेहनत पर गर्व है, जो राष्ट्रीय प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। यूनिफाइड पेंशन योजना सरकारी कर्मचारियों के लिए सम्मान और वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करती है, जो उनकी भलाई और सुरक्षित भविष्य के प्रति हमारी प्रतिबद्धता के अनुरूप है।" वहीं, उन्होंने विज्ञान धारा स्कीम पर कहा, "विज्ञान धारा युवाओं के बीच इनोवेशन और वैज्ञानिक अनुसंधान को प्रोत्साहित करेगी। यह भारत को अनुसंधान, विज्ञान और टेक्नोलॉजी में ग्लोबल लीडर बनने की दिशा में प्रेरित करेगा।"

**2023 में बनाई थी कमेटी:** वैष्णव ने बताया कि 2023 में सरकार ने कैबिनेट सचिव टीवी सोमानाथन की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया था। इस कमेटी को एनपीएस में सुधार के लिए गठित किया गया था। इसमें बेसिक सैलरी का 50 प्रतिशत एनपीएस में देने की बात कही गई थी।




### 6000 करोड़ का बोझ पड़ेगा खजाने पर

उन्होंने बताया कि सरकारी खजाने पर पहले साल 800 करोड़ का बोझ पड़ेगा और उसके बाद करीब 6000 करोड़ रुपए का बोझ पड़ेगा। हालांकि इस स्कीम में कर्मचारियों पर कोई अतिरिक्त भार नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान पेंशन योजना के अनुसार, कर्मचारी 10 प्रतिशत योगदान करते हैं जबकि केंद्र सरकार 14 प्रतिशत योगदान करती है. वहीं यूपीएस में केंद्र सरकार का योगदान बढ़ाकर 18 प्रतिशत कर दिया जाएगा।

### बायो E3 पॉलिसी और विज्ञान धारा स्कीम को मंजूरी

कैबिनेट ने शनिवार को बायो E3 पॉलिसी और विज्ञान धारा स्कीम को भी मंजूरी दे दी। विज्ञान धारा स्कीम पर 10,579 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इस योजना के तहत कक्षा 11 और 12 के छात्रों के लिए इंटर्नशिप की व्यवस्था की जाएगी। (पेज 08 भी देखें)

## जरूरी खबर

### जोगाराम पटेल के बेटे ने एएजी पद से दिया इस्तीफा



**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट की मुख्य पीठ में अतिरिक्त महाधिवक्ता (एएजी) के पद पर कार्यरत मनीष पटेल ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। पटेल ने शनिवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से अधिवक्ताओं के एक समूह में अपने इस कदम की जानकारी दी। पटेल राज्य के विधि मंत्री जोगाराम पटेल के बेटे हैं। उनकी नियुक्ति को लेकर हाल ही विधानसभा में हंगामा हुआ था। उनके इस्तीफे की खबर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जोधपुर दौरे से एक दिन पहले सामने आने के भी कई कयास लगाए जा रहे हैं।

### महेंद्रपाल सिंह का भारतीय टीम में चयन



**जयपुर।** जैसलमेर हैंडबॉल अकादमी के खिलाड़ी महेंद्रपाल सिंह 10वीं एशियन यूथ हैंडबॉल पुरुष चैंपियनशिप, अम्मान-जॉर्डन में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। जिला खेल अधिकारी एवं अकादमी प्रभारी राकेश बिश्नोई ने बताया कि जैसलमेर हैंडबॉल अकादमी के खिलाड़ी महेंद्रपालसिंह 25 से 31 अगस्त 2024 तक सवाई मानसिंह स्टेडियम जयपुर में आयोजित भारतीय टीम के पूर्व प्रशिक्षण शिविर में भाग लेंगे और उसके बाद 3 से 14 सितंबर 2024 तक अम्मान जॉर्डन में यूथ एशियन हैंडबॉल चैंपियनशिप में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

**मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रेस वार्ता में कहा...**

# NC संग समझौते से कांग्रेस के देश विरोधी मंसूबे बेनकाब

■ दागे 10 सवाल, पूछा - क्या कांग्रेस 'नेशनल कॉन्फ्रेंस' के जम्मू-कश्मीर में फिर से 'अलग झंडे' के वादे का समर्थन करती है?

### कश्मीर में प्रदेश के युवाओं ने बलिदान दिया, आज प्रदेश के उन लोगों का मन दुखी

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कांग्रेस पार्टी और नेशनल कॉन्फ्रेंस के गठबंधन पर सवाल उठाते हुए कांग्रेस को घेरा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जम्मू कश्मीर को फिर से अशांति और अराजकता की ओर धकेलकर दलितों के आरक्षण को छीनना चाहती है। उन्होंने कहा कि जिस जम्मू कश्मीर की शांति के लिए राजस्थान के युवाओं ने बलिदान दिया, उस राजस्थान के लोगों के मन में आज कांग्रेस के प्रति गहरी नाराजगी है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि जम्मू कश्मीर से धारा 370 और 35 (ए) को हटाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वहां अमन, समृद्धि और सुरक्षा की नई इबारत लिखी है, जिसे कांग्रेस पाक पोषित परिवारवादी पार्टी से गठजोड़ कर देश के मणि मुकुट को फिर से अशांत करने पर तुली है। उन्होंने कहा कि परिवारवादी पार्टियों ने वहां के युवाओं को गुमराह कर उनके हाथ में एके-47 थमाने का काम किया, उन पार्टियों का कांग्रेस समर्थन कर रही है। इससे कांग्रेस पार्टी के देश विरोधी मंसूबे बेनकाब हुए है।




### कांग्रेस पर दागे ये 10 सवाल

- क्या कांग्रेस 'नेशनल कॉन्फ्रेंस' के जम्मू-कश्मीर में फिर से 'अलग झंडे' के वादे का समर्थन करती है?
- क्या राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी धारा 370 और आर्टिकल 35 ए को वापस लाकर जम्मू-कश्मीर को फिर से अशांति और आतंकवाद के युग में धकेलने के 'नेशनल कॉन्फ्रेंस' के निर्णय का समर्थन करती है?
- क्या कांग्रेस कश्मीर के युवाओं के बदले पाकिस्तान के साथ वार्ता करके फिर से अलगाववाद को बढ़ावा देने का समर्थन करती है?
- क्या कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी, पाकिस्तान के साथ 'एलओसी ट्रेड' शुरू करने के नेशनल कांफ्रेंस के निर्णय से फिर से बॉर्डर पार से आतंकवाद और उसके इकोसिस्टम का पोषण करने का समर्थन करते हैं?
- क्या कांग्रेस आतंकवाद और पत्थरबाजी की घटनाओं में शामिल लोगों के परिजनों को फिर से सरकारी नौकरी में बहाल करके आतंकवाद, दहशतगर्दी और बंद के दौर को फिर से लाने का समर्थन करती है?
- इस गठबंधन से कांग्रेस पार्टी का आरक्षण विरोधी चेहरा सामने आया है। क्या कांग्रेस दलितों, गुज्जर, बकरवाल और पहाड़ियों के आरक्षण को समाप्त कर फिर से उनके साथ अन्याय करने के 'नेशनल कांफ्रेंस' के वादे के साथ है?
- क्या कांग्रेस चाहती है कि 'शंकराचार्य पर्वत' 'तख्त-ए-सुलिमान' और 'हरि पर्वत' 'कोह-ए-मारन' के नाम से जाने जाएं?
- क्या कांग्रेस जम्मू-कश्मीर की अर्थव्यवस्था को एक बार फिर से भ्रष्टाचार की आग में झोंक कर पाकिस्तान समर्थित गिने चुने परिवारों के हाथों में सौपने का समर्थन करती है?
- क्या कांग्रेस पार्टी 'नेशनल कांफ्रेंस' के जम्मू और घाटी के बीच भेदभाव की राजनीति का समर्थन करती है?
- क्या कांग्रेस और राहुल गांधी कश्मीर को ऑटोनॉमी देने की 'नेशनल कांफ्रेंस' की विभाजनकारी सोच और नीतियों का समर्थन करते हैं?



### सीएम ने साइकिल रैली को दिखाई हरी झंडी

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को जयपुर के एसएमएस स्टेडियम से हिन्दू आध्यात्मिक एवं सेवा मेला तथा आईएमसीटी फाउंडेशन द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए आयोजित साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा चलाए गए 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान में हम सब बढ़-चढ़कर हिस्सा लें तथा पर्यावरण संरक्षण की तरफ कदम बढ़ाएं। इस दौरान युवा मामले एवं खेल राज्यमंत्री के के विश्नोई, सांसद मंजू शर्मा, विधायक बालमुकंदाचार्य, जयपुर ग्रेटर नगर निगम उप महापौर पुनीत कर्णावट, पर्यावरणविद तथा बड़ी संख्या में युवा एवं आमजन उपस्थित रहे।

**राज. हाई कोर्ट के प्लेटिनम जुबली समारोह में होंगे शामिल**

# प्रधानमंत्री मोदी आज जोधपुर में सन सिटी में स्वागत की तैयारियां

■ राज्यपाल व मुख्यमंत्री भी रहेंगे समारोह में मौजूद

**बेधड़क** | जयपुर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने एक दिवसीय दौरे के तहत रविवार को जोधपुर आ रहे हैं। वे यहां राजस्थान हाई कोर्ट की स्थापना के प्लेटिनम जुबली कार्यक्रम में शामिल होंगे। पीएम मोदी शाम 4:00 बजे जोधपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। वहां से पीएम मोदी का काफिला झालामंड स्थित हाई कोर्ट परिसर के कार्यक्रम स्थल पहुंचेगा। पीएम मोदी जोधपुर शहर में 2 घंटे तक रहेंगे। शाम को ही वापस दिल्ली के लिए उड़ान भरेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जोधपुर दौरे को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं से लेकर आम जनता में भी काफी उत्सुकता है। सुरक्षा को लेकर पुलिस- प्रशासन अलर्ट मोड पर है। वहीं चप्पे-चप्पे पर पुलिस के जवान तैनात किए गए हैं। पुलिस और एसपीजी की ट्रायल भी शनिवार को की गई। इसी प्रकार पीएम के दौरे से पहले हाईकोर्ट के आसपास मुख्य संपर्क सड़कों का डामरीकरण कर झाड़ियों को साफ किया गया है। झालामंड में क्षतिग्रस्त सड़क और ट्रंक लाइन को ठीक कर दिया है। सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए है।

### तीसरे कार्यकाल में पहली बार पीएम आ रहे जोधपुर



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वागत के लिए भारतीय जनता पार्टी ने तैयारियां शुरू कर दी है। रविवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी जोधपुर पहुंचेंगे। तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद पहली बार जोधपुर आ रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वागत के लिए एयरपोर्ट पर स्वागत रखा गया है। एयरपोर्ट से लेकर कार्यक्रम स्थल तक कई जगहों पर स्वागत द्वार लगाए गए है। शहर में होर्डिंग व भाजपा की बैनर से सजाया गया है। बारिश को देखते हुए डोम बनाए गए हैं। इधर, हाई कोर्ट की प्लेटिनम जुबली कार्यक्रम में राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े विशिष्ट अतिथि होंगे। हाई कोर्ट प्रशासन के अनुसार इस समारोह की अध्यक्षता सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश धनंजय यशवंत चंद्रचूड़ करेंगे।

### ये हस्तियां करेंगी शिरकत

समारोह में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के अलावा सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश संजीव खन्ना, न्यायाधीश पंकज मित्तल, अंगिस्टिन जॉर्ज मसीही, न्यायाधीश संदीप मेहता और केंद्रीय विद्यालय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल मौजूद रहेंगे।

**जोधपुर व बीकानेर संभाग में आज तेज बारिश का अलर्ट**

# राजधानी जयपुर में कुछ इलाकों में हुई बूंदाबांदी

### सुंधा माता के झरने में बही महिला की मौत, एक लापता... 3 को बचाया

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में फिलहाल बारिश का दौर जारी है। शनिवार को राजधानी जयपुर सहित कई जिलों में दोपहर बाद बारिश हुई। हालांकि ये बारिश हल्के व मध्यम दर्जे की रही।

जानकारी के अनुसार सुंधामाता तीर्थस्थल में शनिवार सुबह 7-9 बजे के बीच एक घंटे मूसलाधार बरसात से झरने उफान पर थे। झरने में बहने से डूंगरपुर जिले की एक महिला श्रद्धालु की मौत हो गई। उसका शव सीढ़ियों की रैलिंग पर लटका हुआ मिला।

जबकि तीन जनों को पुलिस व स्थानीय दुकानदारों ने रेस्क्यू कर सुरक्षित बाहर निकाला, एक लापता है। इधर, मौसम विभाग के अनुसार एक कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। उस तंत्र के प्रभाव से पूर्वी राजस्थान के अनेक भागों में आगामी 5-6 दिन मानसून सक्रिय रहने की संभावना है।

### यहां तीन दिन भारी बारिश का अलर्ट

मौसम विभाग ने 25 से 27 अगस्त तक अजमेर, अलवर, बांसवाड़ा, बारां, भरतपुर, भीलवाड़ा, बूंदी, चित्तौड़गढ़, दौसा, धौलपुर, डुंगरपुर, जयपुर, झालावाड़, झुंझुनूं, करौली, कोटा, प्रतापगढ़, राजसमंद, सवाईमाधोपुर, सीकर, सिरोही, टोंक, उदयपुर, बाड़मेर, जालोर, जोधपुर, नागौर और पाली में कहीं भारी तो कहीं अति भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। विभाग ने 25 को डूंगरपुर, झालावाड़, सिरोही और उदयपुर में अत्यधिक भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है।

**जेडीए में घूसखोरी!**


# जेडीए में दलाल चला रहे जमीनों की फाइलों में रिश्वतखोरी का नेटवर्क


- गिरफ्तार किए गए तहसीलदार, जेईएन, दलाल से पूछताछ में खुलासा
- 7 अधिकारी-कर्मचारियों को किया निलंबित
- जमीन और प्लॉट की साइज और कीमत देखकर तय होती घूस की राशि

**बेधड़क** | जयपुर

जमीन से जुड़ी हुई फाइलों को जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) ऑफिस में एक टेबल से दूसरी टेबल तक पहुंचाने से लेकर अधिकारियों की अप्रूवल की पूरी मॉनिटरिंग दलाल कर रहे है। सालों से दो दर्जन से ज्यादा दलाल जेडीए में रिश्वतखोरी का नेटवर्क चला रहे है। शुक्रवार को 1.50 लाख रुपए की घूस लेने के मामले में गिरफ्तार हुए तहसीलदार, जेईएन, पटवारी, गिरदावर और दलाल से पूछताछ में यह खुलासा हुआ है। एसीबी आरोपी तहसीलदार लक्ष्मीकांत गुप्ता, जेईएन खेमराज मीणा, पटवारी रविकांत शर्मा, पटवारी विमला मीणा, गिरदावर रुक्मणी (पटवारी का चार्ज), गिरदावर श्रीराम शर्मा और दलाल महेश मीणा को शनिवार को कोर्ट में पेश किया। जहां से सभी आरोपियों को जेल भेज दिया गया।


श्रीराम शर्मा


रुकमणि


विमला


रविकांत


खेमराज


महेश मीणा


लक्ष्मीकांत

### दलालों के मार्फत मोटी घूस

एसीबी की जांच में सामने आया कि सभी जोन में जमीन से जुड़ी हुई फाइलों में अफसर दलालों के मार्फत मोटी घूस लेते हैं जमीन और प्लाट की साइज के आधार पर अफसर घूस की राशि तय करते हैं। कार्रवाई के बाद कुछ दलाल और अफसर रडार पर आ गए हैं। इस मामले में भी एसीबी ने जांच शुरू कर दी है। इधर, जोन-9 में कार्रवाई दौरान लैंड (भूमि) कंवर्जन की करीब 50 फाइलें अलग-अलग टेबल पर मिली हैं। इन फाइलों को रोकने के पीछे भी पैसा नहीं मिलना मुख्य कारण सामने आ रहा है। यहीं हाल अन्य जोन कार्यालयों का भी है। जेडीए में किसी भी काम में पैसा सीधे बाबू और दलाल मांगता है। काम होने के दौरान वह अन्य लोगों के हिस्से की जानकारी पीड़ित को दे देता है।

### 11 अधिकारियों को अन्य जोन की जिम्मेदारी

ट्रैप की कार्रवाई के बाद जेडीसी ने सुनील शर्मा प्रथम को उपायुक्त जोन 2 और 6, रेणु सैनी को उपायुक्त जोन-1, 4 और 12, सुमन देवी को उपायुक्त जोन-8 व जोन-5, दीपक सिंह खटाना को उपायुक्त जोन-14 और पृथ्वीराजनगर दक्षिण, देवयानी को उपायुक्त जोन-13 व जोन-9, निहारिका शर्मा को उपायुक्त जोन-11 व जोन-10, दिग्गज चांगल को उपायुक्त वाहन और रिकॉर्ड, शिवदान गुर्जर को उपायुक्त उपायुक्त एलपीसी, कमलकांत वर्मा को उपायुक्त भूमि लैंड बैंक रिच अपार्टमेंट अधिनियम सेल, जगदीश नारायण यादव को उपायुक्त नागरिक सेवा केन्द्र और सुनील शर्मा को उपायुक्त सिस्टम मैनेजमेंट और मुख्यमंत्री जनसुनवाई कार्य के पद पर लगाया है।

**इनको किया सस्पेंड:** एसीबी की कार्रवाई के बाद जेडीसी मंजू राजपाल ने जोन-9 के उपायुक्त गुलाब चंद को सस्पेंड किया है। इसके अलावा एसीबी की गिरफ्त में आए तहसीलदार लक्ष्मीकांत गुप्ता, जेईएन खेमराज मीणा, पटवारी रविकांत शर्मा व विमला मीणा, गिरदावर रूक्मणी व श्रीराम शर्मा को सस्पेंड किया है।

## जरूरी खबर

### श्रीकृष्ण पाटीदार का निधन, भाजपा में शोक की लहर



**जयपुर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता व राजस्थान अभाव अभियोग समिति के पूर्व चेयरमैन श्रीकृष्ण पाटीदार (77) का शनिवार को निधन हो गया। पाटीदार लंबे समय से बीमार चल रहे थे। श्रीकृष्ण पाटीदार के निधन के बाद प्रदेशभर के भाजपा कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों में शोक की लहर है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने श्रीकृष्ण पाटीदार के निधन पर शोक व्यक्त किया। राठौड़ ने कहा कि पाटीदार भाजपा के कर्मठ और समर्पित कार्यकर्ता थे। वे एक कुशल प्रशासक और लोकसंग्रही नेता थे। उनका देहांत भाजपा परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है।

### रींगस खाटूश्यामजी के लिए नई रेल लाइन को मंजूरी

**जयपुर।** रींगस-खाटूश्यामजी नई रेल लाइन पहुंचने से धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। रींगस-खाटूश्यामजी के लिए 17.49 किमी नई रेल लाइन के काम को मंजूरी दी गई है। नई रेल लाइन को 254.06 करोड़ की मंजूरी मिली थी। नई रेल लाइन का कार्य जल्द शुरू होने वाला है। खाटूश्यामजी तक नई रेल लाइन बनने से दूर-दूर से आने वाले श्रद्धालुओं की यात्रा काफी सुविधाजनक होगी। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशिकिरण के मुताबिक रींगस खाटूश्यामजी के लिए 17.49 किमी नई रेल लाइन बिछाने के लिए 254.06 करोड़ रुपए की मंजूरी मिली है। नई रेल लाइन से श्रद्धालुओं को यात्रा करने में काफी राहत मिलेगी।

### ‘सुशासन एवं लक्ष्य अंत्योदय के लिए सरकार प्रतिबद्ध’



**जयपुर।** संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, राज्यसभा सांसद राजेंद्र गहलोत ने जोधपुर जिला अंतर्गत पंचायत समिति केरू की कराणी ग्राम पंचायत मुख्यालय पर शनिवार को 35 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित ग्राम पंचायत मिनी सचिवालय भवन का विधिवत रूप से फीता काटकर लोकार्पण किया। संसदीय कार्य मंत्री पटेल ने मिनी सचिवालय के लोकार्पण के अवसर पर कहा कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार सुशासन एवं लक्ष्य अंत्योदय के लिए प्रतिबद्ध है। इसी दिशा में सुशासन के संकल्प को साकार करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में मिनी सचिवालय की स्थापना की जा रही है।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने साइक्लोथॉन को दिखाई हरी झंडी, बोले...

# ‘प्रकृति को बचाने के लिए स्वयं से करें बदलाव की शुरुआत’

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि बढ़ता प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और संसाधनों का अंधाधुंध दोहन हमारी धरती को दिन-प्रतिदिन कमजोर बना रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे में हम सभी का कर्तव्य है कि मिलकर पर्यावरण को बचाने के लिए सार्थक प्रयास करें। सीएम शर्मा ने कहा कि हम सब मिलकर पर्यावरण और अपने स्वास्थ्य की सुरक्षा का संकल्प लें और हरा-भरा व स्वस्थ भविष्य सुनिश्चित करें। प्रकृति को बचाने के लिए बदलाव की शुरूआत हमें स्वयं से ही करनी होगी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को



जयपुर के एसएमएस स्टेडियम से हिंदू आध्यात्मिक एवं सेवा मेला तथा आइएमसीटी फाउंडेशन द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए आयोजित साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम पर्यावरण संरक्षण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं तथा हमें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक भी करते हैं। इनसे हम शारीरिक रूप से तो स्वस्थ रहते ही हैं। साथ ही हमारा मानसिक स्वास्थ्य भी अच्छा रहता है।

### 12 हजार से अधिक लोगों ने साइक्लोथॉन में लिया भाग

राइड फॉर ए ग्रीन फ्यूचर, पैडल फॉर द प्लेनेट तथा चलो प्रकृति की ओर के संदेश के साथ द्वितीय साइक्लोथॉन में 12 हजार से अधिक युवाओं, महिलाओं, बजुर्गों तथा बच्चों ने उत्साह के साथ भागीदारी की। यह साइकिल रैली एसएमएस स्टेडियम से प्रारंभ होकर अल्बर्ट हॉल पर समाप्त हुई। इस अवसर पर सीएम शर्मा ने कहा कि हम सबका यह सामूहिक दायित्व है कि हम पर्यावरण का संरक्षण करें। उन्होंने कहा कि हम अपने व्यक्तिगत जीवन में भी वाहन से प्रदूषण फैलाते हैं तो ऐसे में यह हमारी जिम्मेदारी है कि इसकी क्षतिपूर्ति करने के लिए हम अधिक से अधिक संख्या में पेड़ लगाएं एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए सदैव तत्पर रहें।



### ‘एक पेड़ मां के नाम’ अभियान में लें बढ़-चढ़कर हिस्सा

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी प्रदेशवासियों से प्रकृति को नुकसान नहीं पहुंचाने तथा पर्यावरण के संरक्षण की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए गए ‘एक पेड़ मां के नाम’ अभियान में हम सब बढ़-चढ़कर हिस्सा लें तथा पर्यावरण संरक्षण की तरफ कदम बढ़ाएं। इस दौरान युवा मामले एवं खेल राज्यमंत्री केके विश्नोई, सांसद मंजू शर्मा, विधायक बालमुकंदाचार्य, जयपुर ग्रेटर नगर निगम उप महापौर पुनीत कर्णावट, पर्यावरणविद् तथा बड़ी संख्या में युवा एवं आमजन उपस्थित रहे।

## झुंझुनूं में कार्यकर्ताओं की संगठनात्मक बैठक में बोले भाजपा अध्यक्ष

# विपक्ष के मंसूबों को कामयाब नहीं होने देगी बीजेपी: राठौड़

**बेधड़क** । जयपुर

भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ और भाजपा के प्रभारी डॉ. राधा मोहन दास अग्रवाल ने शनिवार को झुंझुनूं में भाजपा कार्यकर्ताओं की साथ संगठनात्मक बैठक ली। इस दौरान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं को एकजुट होने की आवश्यकता है। एकजुटता में ही ताकत है। आज नेता तो चुनाव लड़ता है, लेकिन जनता को मजबूत सरकार के साथ विकास की आवश्यकता है। देश की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मजबूत करना चाहती है। इसके लिए हम सभी कार्यकर्ताओं को एक साथ मिलकर कार्य करना है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की डबल इंजन सरकार कार्य कर रही है। इसमें भाजपा के मजबूत कार्यकर्ताओं के साथ प्रदेश की जनता की भागीदारी है। विपक्ष विभाजन की नीति पर कार्य कर रहा है और देश-प्रदेश की जनता को गुमराह कर समाज को विभाजित करने का प्रयास कर रहा है, लेकिन भाजपा विपक्ष के मंसूबे कामयाब नहीं होने देगी। भाजपा के कार्यकर्ता भूखे, प्यासे, कड़ी मेहनत संघर्ष कर बूथों को जिताने का कार्य करते हैं। ऐसे कार्यकर्ताओं को सिर्फ सम्मान चाहिए, वे चाहते हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विश्व में देश का नाम ऊंचा करें व डबल इंजन की मोदी और भजनलाल सरकार सफल हो। इन कार्यकर्ताओं को प्रदेश व देश में विकास चाहिए। नेता अपनी महत्वाकांक्षाओं पर नियंत्रण रख पार्टी के लिए अपना श्रेष्ठ देने वाले कार्यकर्ताओं का सम्मान करें।



### ‘मेहनत से कमाई राजनीतिक पूंजी को बिखरने नहीं देंगे’

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि मेहनत से कमाई राजनीतिक पूंजी को बिखरने नहीं देंगे। सभी कार्यकर्ता कंधे से कंधा मिलाकर जुटेंगे तो चुनाव परिणाम सुखद ही होंगे। उन्होंने बांग्लादेश के तख्तापलट पर बोलते हुए कहा कि आज वहां अराजकता की स्थिति है। हमारे मंदिर तोड़े जा रहे हैं। हिंदुओं पर अत्याचार हो रहा है। बांग्लादेश में हमारे भाइयों के साथ कुछ गलत होता है तो उसकी तकलीफ हमें यहां होती है। उन्होंने कांग्रेस सहित विपक्ष को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि जो लोग हिंदुस्तान की शान व सम्मान को चकनाचूर करना चाहते हैं, हमें ऐसे अराजक तत्वों को पनपने से रोकना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि कार्यकर्ता अपने संपूर्ण सामर्थ्य के साथ विधानसभा उप चुनाव में मेहनत कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का कंधा मजबूत करें। बैठक में प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत, खाद्य मंत्री सुमित गोदारा ने भी अपने विचार व्यक्त कर कार्यकर्ताओं में ऊर्जा का संचार किया। भाजपा जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी ने स्वागत भाषण दिया, जबकि धन्यवाद जिला महामंत्री सरजीत चौधरी ने दिया।

### जवानों ने बलिदान पर भी राजनीति ने नहीं चूकी कांग्रेस: डॉ. राधा मोहन

भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ. राधा मोहन दास अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद डोटासरा ने भगवान श्रीकृष्ण को लेकर बयान दिया। अब अगर उनसे पूछा जाए कि हिंदू भगवान श्रीराम या श्रीकृष्ण से प्रेरणा नहीं लेगा तो क्या अल्लाह मियां से प्रेरणा लेगा। हम हिंदू हैं और हमारा मुखिया मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी सनातन संस्कृति को मानने वाला है। अब तुम्हारा मुखिया ही हिंदू नहीं है तो आप हिंदुओं के लिए कैसे सोचेंगे। उन्होंने कहा कि झुंझुनूं जिले की धरती वीरता एवं विद्वता की जननी है। यहां हर घर से वीर सैनिक निकलते हैं जो देश की सेवा व सुरक्षा के लिए अपने प्राणों का न्यौछावर करने को सदैव तत्पर रहते हैं। राजस्थान से सेना में भर्ती 80 हजार जवानों में से 50 हजार सैनिक शेखावटी की धरती से हैं। उन्होंने 1947, 1961, 1965 में पाकिस्तान व चीन के साथ हुए युद्ध की बात करते हुए कहा कि भारत के सैनिक कम सुविधाओं के साथ लड़े। पाकिस्तान से भारत की कब्जा की गई भूमि खाली भी करवाई, लेकिन तत्कालीन कांग्रेस सरकार के प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू व इंदिरा गांधी ने ली हुई भूमि वापस देकर सैनिकों के



बलिदान को व्यर्थ कर दिया। डॉ. अग्रवाल ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष की तुलना लाल बहादुर शास्त्री से करते हुए कहा कि मदन राठौड़ भी शास्त्री की तरह संकल्प दृढ़ है। भाजपा प्रदेश प्रभारी ने कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि पुलवामा हमले में हमारे कई वीर जवानों ने बलिदान दिया, लेकिन कांग्रेस उस पर भी राजनीति करने से नहीं चूकी। सर्जिकल स्ट्राइक पर भी सवाल खड़े किए। कांग्रेस ने धारा 370 व 35 ए लगाकर कश्मीर को अलग किया, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की केंद्र सरकार ने कश्मीर से उन धाराओं को हटाकर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की सोच एक संविधान, एक निशान व एक प्रधान को साकार कर कश्मीर को भी देश के विकास की गति में शामिल किया। अब कश्मीर चुनाव को लेकर नेशनल कांग्रेस ने अपने संकल्प पत्र में ये छपवाया है कि उनकी सरकार बनते ही धारा 370 व 35 ए कश्मीर में फिर से लागू होगी। ऐसे देश विरोधी तत्व देश को तोड़ने का कार्य कर रहे हैं।

## 196 करोड़ की लागत की 332 किमी की सड़कों को मंजूरी

# बजट घोषणाएं समय पर पूरी होंगी: दिया कुमारी



**बेधड़क** | जयपुर

उप मुख्यमंत्री एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग मंत्री दिया कुमारी ने बजट घोषणा 2024-25 की क्रियान्विति में 195.68 करोड़ रुपए की लागत की 332.10 किमी सड़कों की मंजूरी प्रदान की है । उन्होंने कहा है की बजट घोषणाएं समय पर क्रियान्वित की जाएगी ताकि आमजन को जल्द से जल्द उनका लाभ मिल सके। उप मुख्यमंत्री ने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को तत्काल टेंडर कर इन कामों को पूरा करने के निर्देश दिए। इस राशि से सड़क निर्माण, नवीनीकरण, चौड़ाईकरण एवं सड़क मय पुलिया निर्माण के कार्य किए जाएंगे। प्रदेश के अलावा जयपुर जिले के बगरू, चाकसू, चौमूं, हवामहल, शाहपुरा एवं विद्याधर नगर में 66.45 करोड़ की लागत से 107.45 किमी सड़कें सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा बनाई जाएगी।

### प्रदेश के इन क्षेत्रों में होगा सड़क निर्माण

जोधपुर के शेरगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 3.22 करोड़ की लागत से 2.50 किमी, बाँसवाड़ा के बागीदोरा में 5 करोड़ की लागत से 5 किमी, बारां के अंता में 2 करोड़ की लागत से 1.5 किमी, दौसा के लालसोट में 10.59 करोड़ की लागत से 15.35 किमी, चित्तौड़ के बड़ी सादड़ी में 0.80 करोड़ की लागत से 1.50 किमी, बीकानेर के श्री डूंगरगढ़ में 3.43 करोड़ की लागत से 9.80 किमी, कोटा के सागोद में 4.50 करोड़ की लागत से 0.90 किमी, डीडवाणा कुचामन विधानसभा क्षेत्र में 5 करोड़ की लागत से 2.15 किमी, प्रतापगढ़ में 9.30 करोड़ की लागत से 15.50 किमी, हनुमानगढ़ में 5 करोड़ की लागत से 6 किमी, झुंझुनूं के नवलगढ़ एवं सुजानगढ़ में 5.09 करोड़ की लागत से 16.35 किमी, चित्तौड़ के निम्बाहेड़ा में 5 करोड़ की लागत से 5.20 किमी, बाड़मेर में 4 करोड़ की लागत से 10 किमी, कोटा के पीपल्दा में 5 करोड़ की लागत से 6 किमी, झालावाड़ के मनोहरपुर में 5 करोड़ की लागत से 4.5 किमी, श्रीगंगानगर के सादुलशहर में 4.31 करोड़ की लागत से 4 किमी, भरतपुर के नदबई में 3.40 करोड़ की लागत से 9 किमी, पाली के सुमेरपुर में 3.78 करोड़ की लागत से 8.5 किमी, सवाईमाधोपुर में 5 करोड़ की लागत से 6 किमी, करौली के सपोटरा में 3.45 करोड़ की लागत से 4.50 किमी, जालौर में 2.50 करोड़ की लागत से 9 किमी, झुंझुनूं विधानसभा क्षेत्र में 3.4 करोड़ की लागत से 2 किमी, बारां (किशनगंज) में 2.25 करोड़ की लागत से 1.20 किमी, जालौर के अहोर में 2.40 करोड़ की लागत से 6 किमी, राजसमंद में 5.50 करोड़ की लागत से 5.20 किमी सड़के बनाई जाएगी।

## स्वास्थ्य भवन में उच्च स्तरीय बैठक

# प्रदेश बनेगा मेडिकल टूरिज्म का हब, ‘हील इन राजस्थान’ पॉलिसी जल्द

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल एवं चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर के मार्गदर्शन में राजस्थान को मेडिकल ट्यूरिज्म के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए लगातार नीतिगत फैसले लिए जा रहे हैं। इस दिशा में जल्द ही ‘हील इन राजस्थान’ पॉलिसी लाई जाएगी।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से तैयार किए गए पॉलिसी के प्रारूप पर शनिवार को सभी हितधारकों के साथ विस्तृत चर्चा कर सुझाव लिए गए। इन सुझावों के आधार पर नीति को जल्द




ही अंतिम रूप दिया जाएगा। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह की अध्यक्षता में स्वास्थ्य भवन में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में प्रदेश में मेडिकल वेल्यू ट्यूरिज्म बढ़ाने के लिए विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। शुभ्रा सिंह ने कहा कि राज्य सरकार राजस्थान में चिकित्सा के क्षेत्र में एक नए युग का सूत्रपात कर रही है। इसी सोच के साथ इस वर्ष के बजट में स्वास्थ्य के क्षेत्र को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कुल बजट का 8.26 प्रतिशत प्रावधान स्वास्थ्य के लिए किया गया है। यह अब तक का सर्वाधिक बजट प्रावधान है।

अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि राजस्थान में चिकित्सा के क्षेत्र में आधारभूत ढांचे का तेजी से विकास किया जा रहा है। विश्व स्तरीय संस्थानों का निर्माण यहां हो रहा है। होलिस्टिक एप्रोच के साथ ऐलोपैथी एवं आयुष चिकित्सा तथा वैलनेस गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। सवाई मानसिंह अस्पताल में आयुष्मान टॉवर का निर्माण, दो मेडिसिटी एवं मारवाड़ मेडिकल यूनिवर्सिटी की स्थापना, हर जिले में मेडिकल कॉलेज एवं नर्सिंग कॉलेज, टेलीमेडिसिन को बढ़ावा, निजी क्षेत्र में भी कई उच्च श्रेणी के चिकित्सा संस्थानों का प्रदेश में आना ऐसे कदम हैं, जिनसे राजस्थान मेडिकल ट्यूरिज्म की दिशा में नई ऊंचाइयां छुएगा। साथ ही, मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना में भी पोर्टेबिलिटी का प्रावधान जल्द ही होने से यहां बाहर के राज्यों के रोगी उपचार के लिए आ सकेंगे।

### मील का पत्थर साबित होगी हील इन राजस्थान पॉलिसी

एसीएस शुभ्रा सिंह ने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं का निरंतर उत्थान होने, वाजिब दरों पर सुगमतापूर्वक उपचार उपलब्ध होने से प्रदेश में मेडिकल ट्यूरिज्म की संभावनाएं तेजी से विकसित हुई हैं। नीतिगत निर्णयों के माध्यम से राज्य सरकार इन संभावनाओं को और अधिक विस्तार देना चाहती है। इससे प्रदेश न केवल स्वास्थ्य के क्षेत्र में मॉडल स्टेट के रूप में सामने आएगा, बल्कि निवेश एवं रोजगार के भी बड़े अवसर सृजित होंगे। फार्मा, होटल व्यवसाय सहित अन्य उद्यमों को भी इससे बढ़ावा मिलेगा। हील इन राजस्थान पॉलिसी इन संभावनाओं को धरातल पर लाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। बैठक में चिकित्सा के क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों ने प्रदेश में मेडिकल ट्यूरिज्म बढ़ाने के लिए राजधानी के साथ-साथ अन्य जिलो में भी उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं विकसित करने, सड़क एवं एयर कनेक्टिविटी को बेहतर करने, चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में अवसर बढ़ाने, रोगियों एवं उनके परिजनों के लिए आवास की समुचित सुविधाएं उपलब्ध करवाने, निजी क्षेत्र के चिकित्सा संस्थानों को प्रोत्साहित करने के लिए नियमों को अधिक सुगम व निवेश अनुकूल बनाने सहित कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। महात्मा गांधी यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल सांइसेज के चेयरपर्सन डॉ. विकास स्वर्णकार ने कहा कि चिकित्सा विभाग द्वारा तैयार किए गए प्रारूप में मेडिकल ट्यूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए सभी पक्षों को बेहतर तरीके से शामिल किया गया है।

## जरूरी खबर

### चोर के कब्जे से 5 लाख रुपए के जेवरात बरामद



**जयपुर।** मालवीय नगर थाना पुलिस ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर उसके पास से 5 लाख रुपए के जेवरात और अन्य सामान बरामद किया है। आरोपी जयपुर सिटी में सूने मकानों को चिह्नित कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया करता है। पकड़े जाने के डर से आरोपी कई सालों से अकेला चोरी की वारदात करता था। अपने साथ किसी को नहीं लेता था। मालवीय नगर थाना पुलिस इलाके में हुई चोरी की घटना की जांच करते हुए आरोपी तक पहुंची। गिरफ्तार कर चोरी किया गया माल बरामद कर लिया है। मालवीय नगर सीआई कमल नयन ने बताया कि 17 अगस्त को अलका जुनेजा ने घर में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट पर विशेष टीम का गठन किया गया। जांच के दौरान रोनक बैरवा को डिटेन कर पूंछताछ की गई तो उसने वारदात करना कबूल कर लिया।

### कल होगी दही हांडी और बाल गोपाल प्रतियोगिता

**जयपुर।** समरस भारत सेवा संस्थान और नगर निगम ग्रेटर जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में जन्माष्टमी के अवसर पर गोकुलम 2024 महोत्सव, दही हांडी और बाल गोपाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम 26 अगस्त को दोपहर एक बजे वैशाली नगर में रंगोली गार्डन के सामने होगा। समरस भारत सेवा संस्थान के सचिव देवेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि, इस वर्ष गोकुलम दही हांडी प्रतियोगिता में लगभग पन्द्रह सौ प्रतिभागी (गोविंदा) भाग लेंगे एवं आयोजकों सहित लगभग पन्द्रह हजार लोगों के समिलित होने की अपेक्षा है। गौरतलब है कि गोविंद की नगरी जयपुर में भी पिछले कई वर्षों से पारम्परिक रूप से यह उत्सव बाल गोपाल एवं दही हांडी के कार्यक्रम के रूप में मनाया जाता है।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें ।


कृष्ण जन्मोत्सव पर शहर में रहेगी विशेष यातायात व्यवस्था

# जन्माष्टमी पर कल परकोटे में नहीं जा सकेंगे भारी वाहन

बेधड़क | जयपुर

शहर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर गोविन्द देव जी मंदिर,अक्षय पात्र मंदिर, इस्कॉन मंदिर में दर्शनार्थियों की भारी भीड़ रहती है। ऐसे में यातायात के सुगम एवं व्यवस्थित संचालन एवं दर्शनार्थियों को असुविधा से बचाने के लिए यातायात पुलिस ने विशेष व्यवस्था की है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर यातायात के अनुसार कृष्ण जन्माष्टमी के दौरान चांदपोल गेट, न्यूगेट, अजमेरी गेट, सांगानेरी गेट, रामगंज चौपड़ एवं जोरावर सिंह गेट से परकोटे में भारी वाहनों का प्रवेश निषेध रहेगा। गोविन्द देवजी





मंदिर आने वाले दर्शनार्थी अपने वाहन भूमिगत पार्किंग चौगान स्टेडियम, जलेबी चौक, सब्जी मंडी जनता मार्केट, जेडीए की भूमिगत पार्किंग रामनिवास बाग में पार्क कर सकेंगे। मन्दिर सेवादारों के पास धारी वाहन ग्लोब ट्रांसपोर्ट कंपनी के सामने निर्धारित पार्किंग स्थल पर पार्क हो सकेंगे। सार्दुल सिंह की नाल, आतिश मार्केट से सिटी पैलेस, जलेबी चौक तक सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश एवं पार्किंग निषेध रहेगा। काले हनुमान जी का मन्दिर व कंवर नगर की तरफ से आने वाले दर्शनार्थी अपने वाहन झूलेलाल मंदिर के पास खाली जमीन पर पार्क कर सकेंगे। ब्रह्मपुरी की तरफ से आने वाले दर्शनार्थी अपने वाहन पौंड्रिक उद्यान के सामने पार्क कर सकेंगे। गणगौरी बाजार, चौगान चौराहा की तरफ से मंदिर जाने वाले दर्शनार्थी अपने वाहन चौगान स्टेडियम के अन्दर भूमिगत पार्किंग में पार्क करेगे। जलेबी चौक से सभी प्रकार के वाहनों का निकास नगर परिषद की मोरी, आतिश मार्केट से रहेगा।

### बसों-मिनी बसों का प्रवेश भी रहेगा निषेद्य

कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव के दौरान चारदीवारी में संचालित होने वाली बस/मिनी बसों का प्रवेश निषेद्य रहेगा। इन बसों का संचालन समानांतर मार्ग से किया जाएगा। जीवन रेखा अस्पताल तिराहा, महल रोड से अक्षय पात्र चौराहे की तरफ, द्वारकापुरी सर्किल से अक्षय पात्र चौराहे की तरफ एवं एनआरआई चौराहा से अक्षय पात्र की तरफ आने वाले सामान्य यातायात को डायवर्ट कर समानान्तर मार्गो से निकाला जाएगा।

### गोविंद के आज मंदिर छांवण में रहेगी एंट्री बंद



गोविंददेवजी में जन्माष्टमी महोत्सव में ठाकुर श्रीजी के दर्शन के लिए लाखों की संख्या में भक्त मंदिर आएंगे। ऐसे में जन्माष्टमी से एक दिन पहले रविवार को सुरक्षा व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जाएगा। इसे लेकर रविवार को मंदिर छांवण में दर्शनार्थियों की एंट्री बंद रहेगी। पुलिस गोविंददेवजी के सामने वाले हॉल में बैरिकेडिंग करेगी। इसीलिए पुलिस प्रशासन ने रविवार को दर्शन की व्यवस्था में बदलाव किया है। दर्शनार्थियों का प्रवेश जलेब चौक से होते हुए मंदिर मेन गेट से मंदिर परिसर में छांवण के बाहर बने रैंप से होगा। यहां से दर्शनार्थी दर्शन लाभ प्राप्त कर सकेंगे। दर्शन के बाद दर्शनार्थी सत्संग भवन से होते हुए फिर रैंप के नीचे से दर्शन लाभ प्राप्त करते हुए मंदिर परिसर से बाहर निकल जाएंगे। ब्रह्मपुरी, कंवर नगर से आने वाले दर्शनार्थियों की एंट्री जलेब चौक से होगी। जय निवास बाग और बादल महल से एंट्री बंद रहेगी। मंदिर छांवण में एंट्री बंद होने के कारण जूते-चप्पल खोलने की व्यवस्था भी नहीं होगी।

मरीज की परिजन महिला से नर्सिंग स्टाफ के विवाद का मामला

# SMS के ट्रोमा सेंटर पर प्रदर्शन कर काम रोका तब दर्ज हुई FIR

- पीड़ित महिला स्टाफ के बजाय नर्सिंग नेता ने दर्ज करवाया मामला
- महिला और उसके परिजनों ने कई बार माफी मांगी, लेकिन नहीं माने

बेधड़क | जयपुर

एसएमएस के ट्रोमा सेंटर में मरीज के परिजन और नर्सिंग स्टाफ के बीच हुए विवाद में शनिवार को एफआईआर दर्ज कर ली गई है। हालांकि, इस घटनाक्रम में पीड़ित महिला नर्सिंग स्टाफ के बजाय नर्सिंग नेता ने मुकदमा दर्ज करवाया है। दरअसल शनिवार सुबह सुबह नर्सिंग स्टाफ की यूनियन जुड़े कुछ लोगों ने आज सुबह ट्रोमा सेंटर पर विरोध प्रदर्शन करके काम बंद कर दिया। एफआईआर दर्ज करवाने की मांग की। वहीं यूनियन के पदाधिकारियों ने हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी। इस दबाव के बाद एसएमएस प्रशासन ने पुलिस थाने में शिकायत दी।

दरअसल, नागौर के लाडनूं से आए व्यक्ति सुशील का एक दुर्घटना में हाथ कट गया, जबकि उसके बेटे का भी पैर लगभग खराब हो गया। एसएमएस ट्रोमा सेंटर के वार्ड में भर्ती के दौरान वहां नियुक्त महिला नर्सिंग स्टाफ पूनम कुमारी ने मरीज से मिलने आए परिजनों को वार्ड से बाहर जाने के लिए कहा तो उसका और परिजनों का विवाद हो गया। इस पर मरीज सुशील की पत्नी संग नर्सिंग स्टाफ पूनम की धक्का-मुक्की हो गई। इसको लेकर गुस्साए स्टाफ ने हंगामा कर दिया।




### सुरक्षा कानून में नर्सिंग और पैरा मेडिकल स्टाफ को भी करें शामिल

राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष प्यारेलाल चौधरी ने इस मामले को गंभीर बताया। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार जो डॉक्टरों की सुरक्षा को लेकर कानून बनाने की तैयारी कर रही है, उसमें डॉक्टरों के साथ नर्सिंग और पैरा मेडिकल स्टाफ को भी शामिल किया जाए। हॉस्पिटल में नर्सिंग स्टाफ भी हर समय वार्डों में तैनात रहकर अपनी सेवाएं देते है।

### स्टाफ की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम की जरूरत

“मामले में हमने अधीक्षक और एसएमएस पुलिस चौकी में शिकायत दे दी है। हमने प्रशासन से मांग की है कि हॉस्पिटल में नियुक्त सभी स्टाफ की सुरक्षा के लिए कोई पुख्ता इंतजाम करने की जरूरत है।

**डॉ. अनुराग धाकड़,** नोडल ऑफिसर ट्रोमा सेंटर

### चुनाव नजदीक, राजनीति शुरू

चर्चा है कि नर्सिंग यूनियन के चुनाव जल्द होने वाले हैं। इस पूरे घटनाक्रम में भी नर्सिंग नेताओं के बीच श्रेय लेने की होड़ दिखी। इसी के चलते पीड़ित नर्सिंग महिला कर्मचारी पूनम कुमारी के मुकदमा दर्ज करवाने के बजाए नर्सिंग नेता महिपाल सिंह सामोता ने खुद शिकायत देकर मुकदमा दर्ज करवाया।

### पूरे दिन थाने में बैठाए रखा

घटना के बाद दलित महिला की शिकायत एसएमएस प्रशासन और एसएमएस पुलिस थाने में शिकायत दी गई। इसके बाद उस महिला पूरे दिन थाने में बैठाए रखा, लेकिन एफआईआर दर्ज नहीं हुई। हालांकि, इस बीच महिला और उसके परिजनों ने कई बार स्टाफ से माफी भी मांगी।

### प्रशासन को हड़ताल की चेतावनी

इधर, घटनावाले दिन एफआईआर दर्ज नहीं होने पर शनिवार सुबह नर्सिंग यूनियन के पदाधिकारी महिपाल सामोता, प्यारेलाल चौधरी समेत अन्य पदाधिकारी पहुंचे और उन्होंने हंगामा करके कार्य बहिष्कार कर दिया। साथ ही कर्मचारियों ने प्रशासन को चेतावनी दी कि अगर महिला के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं करवाई तो नर्सिंग स्टाफ हड़ताल शुरू कर देगा। इस चेतावनी के बाद हॉस्पिटल प्रशासन ने एसएमएस थाने में शिकायत दी, जिसके आधार पर एफआईआर दर्ज हुई।

जयपुर योगा लीग का उद्घाटन

# बेहतरीन प्रदर्शन पर योगार्थियों को मिलेंगे सात लाख के पुरस्कार



बेधड़क | जयपुर

विधायक बालमुकुंदाचार्य महाराज ने कहा कि जयपुर योगा लीग योग गुरु बनाने की कार्यशाला है, इसके तहत तैयार हो रहे बच्चे आने वाले समय में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत के सनातन धर्म को आगे बढ़ाएंगे।

विधायक बालमुकुंदाचार्य दो दिवसीय आठवीं योगासन प्रतियोगिता जयपुर योगा लीग के उद्घाटन समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। जयपुर योगा लीग के सचिव डॉ अभिनव जोशी एवं मुख्य सलाहकार एवं समन्वयक योगी मनीष विजयवर्गीय ने बताया कि उद्घाटन समारोह का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन विधायक बालमुकुंदाचार्य, योगाचार्य ढाकाराम, क्रीड़ा भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष अर्जुन अवॉर्डी ओलंपियन गोपाल सैनी, प्रदेश संयोजक मेघ सिंह चौहान, समाजसेवी जेडी महेश्वरी, एकम योगा के निदेशक संपत्ति सिंघवी, रघु आदित्य, पर्यावरण नेत्रदान एवं देहदान प्रेमी अजय गुप्ता, पुणे से पधारे योगा लीग के टेक्निकल डायरेक्टर चंद्रकांत पांघारे एवं अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा ने किया।

उद्घाटन सत्र में योगाचार्य ढाकाराम ने कहा कि 2 दिन चलने वाली इस प्रतियोगिता में देश के सैकड़ों प्रतिभागी विद्यार्थी विभिन्न श्रेणियों में योगासन का सार्वजनिक प्रदर्शन करेंगे, बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले योगार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए सात लाख से रुपये से अधिक के पुरस्कार दिए जाएंगे। सत्र का संचालन योगी मनीष विजयवर्गीय ने किया।

सीईओ सुराणा ने किया विकास कार्यों का निरीक्षण

# जयपुर सिटी के ‘स्मार्ट कामों’ में लाएं तेजी

बेधड़क | जयपुर

स्मार्ट सिटी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अभिषेक सुराणा ने शनिवार को स्मार्ट सिटी के तहत चल रहे प्रोजेक्ट कार्यों का निरीक्षण किया।

इस दौरान सीईओ अभिषेक सुराणा ने गणगौरी बाजार स्थित पंडित दीन दयाल उपाध्याय राजकीय गणगौरी अस्पताल के विकास कार्य, चौगान स्टेडियम में चले एसटीपी प्लांट और किशनपोल गर्ल्स कॉलेज में चल



रहे कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीईओ अभिषेक सुराणा ने प्रोजेक्ट में बचे कामों में तेजी लाने के निर्देश दिए। इस दौरान स्मार्ट सिटी के अधिकारियों ने बताया कि गणगौरी अस्पताल और किशनपोल गर्ल्स कॉलेज में करीब 75 प्रतिशत से अधिक कार्य किया जा चुका है, जबकि चौगान स्टेडियम मएसटीपी प्लांट तैयार हो गया है और कार्य कर रहा है। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त मुख्य अभियंता दिनेश गोयल, एक्सईएन नरेंद्र गुप्ता, अमित गर्ग और एईएन मोहम्मद इमरान मौजूद रहे।

बारिश से बिगड़े सचिवालय विहार कॉलोनी में हालात

# सड़कों पर भरा पानी, घरों के आगे कीचड़

बेधड़क | जयपुर

ड्रेनेज सिस्टम खराब होने से सड़कों पर बरसात का पानी भरा है। कहीं सड़के टूटी-फूटी तो कहीं गड्ढे हुए पड़े हैं। कई जगह बारिश से कीचड़ जमा हुआ है। यह हालात हैं सांगानेर विधानसभा क्षेत्र की सचिवालय विहार कॉलोनी और उसके आसपास के इलाके की। पिछले दिनों हुई बारिश से यहां स्थितियां बिगड़ी हुई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि दूसरी



कॉलोनियों का पानी यहां आने से सारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को बार-बार शिकायत के बाद भी इस कॉलोनी में सुधार नहीं हुआ। स्थानीय निवासी मनीराम चौधरी ने बताया कि मैं संजय विहार कॉलोनी में ही मेरा घर है। यहा रीको कांटा मानसरोवर से लेकर आगे तक जो दुकाने तोड़ी गई है, उससे इस कॉलोनी का लेवल नीचा हो गया है, जिससे बारिश के समय रीको कांटा और आस-पास की कॉलोनियों का पानी हमारे यहां आता है। ड्रेनेज सिस्टम की व्यस्था नहीं होने से मोहन नगर, कल्याण विहार, वसंत विहार नगर फर्स्ट में जलभराव होता है। सचिवालय विहार विकास समीति के अध्यक्ष श्योराज सिंह राजावत ने बताया कि यहां गंदगी का आलम रहता है। बारिश में आसपास का कचरा भी पानी के बहाव के साथ यहां आता है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि पानी भराव के कारण कुछ कॉलोनियों में घर के सामने कीचड़ की स्थिति बनी हुई है, जिससे बीमारियों को फैलने की भी आशंका है।

जोधपुर से घूमने आया था परिवार

# मां का हाथ छुड़ाकर गायब हुई बेटी की लाश आमेर मावठे में मिली

बेधड़क | जयपुर

आमेर घूमते समय मां से हाथ छुड़ाकर गायब हुई छह साल की बच्ची की लाश शनिवार सुबह मावठे में मिली। वह अपने माता-पिता के साथ जोधपुर से जयपुर घूमने आई थी। मूलरूप से यह परिवार ओडिशा का रहने वाला है। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया तो तालाब में गिरने की आशंका जताई। चार घंटे की मशक्कत के बाद बच्ची का शव मावठा से निकाला गया।

एसएचओ आमेर अंतिम शर्मा ने बताया कि बच्ची का नाम मिष्ठी था। उसके पिता अनंत मंडल एयरफोर्स में सार्जेंट हैं। फिलहाल उनकी पोस्टिंग जोधपुर में है। अनंत ने शुक्रवार दोपहर करीब दो बजे आमेर थाने में रिपोर्ट देकर बेटी के लापता होने की सूचना दी थी।

### काफी खोजबीन के बाद भी नहीं मिली थी

अनंत मंडल (मृतक बच्ची के पिता) शुक्रवार को पत्नी और बेटी के साथ जयपुर घूमने आए थे। सुबह से ही आमेर में घूम रहे थे। दोपहर करीब साढ़े 12 बजे मावठा के पास घूम रहे थे। इसी दौरान अनंत अपनी पत्नी से बात करने लगे थे। मिष्ठी हाथ छुड़ाकर तालाब के पास चली गई थी। उसके बाद से वह लापता है। काफी खोजबीन के बाद भी वह नहीं मिली है। उसकी फोटो पूरे शहर के पुलिस थाने को भेजी गई, परंतु कहीं से कोई जानकारी नहीं मिली।



### पुलिस ने खंगाले सीसीटीवी फुटेज

पुलिस ने तालाब के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। उसमें मिष्ठी तालाब तक जाती हुई दिख रही है। उसके बाद का फुटेज नहीं था। पुलिस ने मौका मुआयना किया। यह आशंका हुई कि बच्ची तालाब में गिर गई होगी। पुलिस ने शाम करीब साढ़े चार बजे सिविल डिफेंस और एसडीआरएफ से सर्च कराया।

### 17 लोगों की टीम खोजने में जुटी थी

सिविल डिफेंस के 7 लोगों को मिलाकर 17 लोगों की टीम ने शुक्रवार को अंधेरा होने तक बच्ची को तलाशा। परंतु सफलता नहीं मिली। एसडीआरएफ टीम इंचार्ज ओम प्रकाश ने बताया कि शनिवार सुबह करीब 7 बजे फिर से टीम को तालाब में उतारा गया। डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद करीब साढ़े आठ बजे बच्ची का शव तालाब से निकाला गया। शव को एसएमएस की मॉर्च्युरी में रखवाया गया है। परिवार वालों की स्वीकृति के बाद मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम कराया जाएगा।

## जरूरी खबर

### चेक बाउंस होने पर 6 महीने की सजा लगाया अर्थदंड




**चाकसू।** चाकसू में मुंसिफ कोर्ट ने चेक अनादरण के मामले में आरोपी को सजा सुनाई है। न्यायाधीश कंचन सिंह राजावत ने मामले में आरोपी को 6 महीने की सजा सुनाई है। साथ ही 24 लाख 33 हजार रुपए जुर्माना प्रतिकर परिवादी को अदा करने के आदेश दिए हैं। परिवादी के अधिवक्ता अमित बाहेती ने बताया कि अभियुक्त बृजमोहन पारीक ने परिवादी महेश कुमार से वर्ष 2014 में 15 लाख रुपए उधार लिए थे। इसके बदले दिए गए चेक बाउंस होने पर कोर्ट ने आरोपी को सजा सुनाई है।

### कपिल सरोवर में तैरते मिले युवक युवती के शव

**बीकानेर।** बीकानेर में युवक-युवती के शव मिलने से सनसनी फैल गई। आसपास मौजूद लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची कोलायत थाना पुलिस ने शवों को बाहर निकलवाया। यह घटना कोलायत के कपिल सरोवर की है। कोलायत थाना पुलिस ने बताया कि दोपहर करीब एक बजे कपिल सरोवर में दो शव तैरने की जानकारी मिली थी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास के लोगों के मदद से शवों को सरोवर से बाहर निकलवाया और लोगों से उनके बारे में पूछताछ की। गो घाट पर मिले शव को आईडी के आधार पर शिनाख्त कर परिवार को सूचना दे दी गई।

### सड़क हादसे में सब इंस्पेक्टर सुभाष परमार की मौत



**डूंगरपुर।** जिले में शुक्रवार देर रात हुए एक सड़क हादसे में पुलिस लाइन प्रतापगढ़ में तैनात डूंगरपुर जिले के कोलखंडा निवासी सब इंस्पेक्टर की मौत हो गई। शनिवार सुबह रिजर्व पुलिस लाइन प्रतापगढ़ में मृतक सब इंस्पेक्टर सुभाष परमार को पुलिस अधीक्षक लक्ष्मणदास सहित पुलिस अधिकारियों ने गॉर्ड ऑफ ऑनर और पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान डूंगरपुर जिले के पुलिस अधिकारियों के साथ मृतक के परिजन भी मौजूद रहे। जानकारी के अनुसार शुक्रवार रात प्रतापगढ़ से मंदसौर की ओर जा रही बोलेरो कार हथुनिया थाना क्षेत्र के मछलाना घाटी के पास सामने चल रहे सरियों से भरे ट्रैक्टर से टकरा गई।

## जन्माष्टमी से पूर्व हुआ बिछड़े मां-बेटे का मिलन, 5 साल पहले सूरत के घर से निकल गई थी बीमार मां

# 5 साल बाद मां-बेटे मिले तो एक-दूसरे से लिपटकर फफक पड़े

**बेधड़क | भरतपुर**

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी से दो दिन पहले शनिवार को भरतपुर के अपना घर आश्रम में बिछड़े हुए मां-बेटे का 5 साल बाद भावुक मिलन हुआ। मां से मिलकर बेटे सुमित ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने उसे उसकी मां से मिलाकर जीवन में सारी खुशियां लौटा दी।

5 साल पहले गुजरात के सूरत से मानसिक विमंदित हालत में घर से निकली गीता देवी का बीते कई साल से अपना घर आश्रम में उपचार चल रहा था। शनिवार को गीता देवी के बेटे सुमित अपना घर आश्रम पहुंचे, जहां उनकी मुलाकात उनकी मां से हुई। अपना घर आश्रम समिति के सचिव बसंत लाल गुप्ता ने बताया कि गुजरात के सूरत की निवासी गीता देवी मानसिक रूप से बीमार होने के कारण 5 साल पहले बेसुध हालत में घर से निकल गई थीं।

6 मई, 2019 को गीता देवी को भरतपुर रेलवे स्टेशन से अपना घर आश्रम लाया गया, जहां सेवा व उपचार के लिए उन्हें भर्ती किया गया। सेवा और उपचार के बाद गीता देवी के स्वास्थ्य में सुधार हुआ तो उन्होंने अपना पता बताया। अपना घर आश्रम की पुर्नवास टीम ने उनके घर के पता तालंगपुर, सूरत, गुजरात में संबंधित पुलिस थाना पर सूचना भिजवाई। पुलिस ने गीता देवी के परिजनों को उनकी मां के जीवित और स्वस्थ होने की सूचना दी।

सूचना मिलते ही शनिवार को गीता देवी का बेटा सुमित, भाई नंदलाल गुप्ता और बहन संगीता गुप्ता अपना घर आश्रम पहुंचे। आश्रम में जैसे ही मां-बेटा एक दूसरे के सामने आए तो एक दूसरे से लिपटकर फफक पड़े और दोनों की आंखों से अश्रुधारा बहने लगी। मां बेटा का भावुक मिलन देखकर सभी की आंखें नम हो गईं।



### मां के गम में पिता का हो गया था देहांत

बेटे सुमित ने बताया कि 5 साल पहले मां जब घर से निकली थी तो मेरी उम्र सिर्फ 12 साल थी। मां के घर से निकलने के 15 दिन बाद ही गम में पिताजी का देहांत हो गया। माता-पिता का हाथ सिर से हटते ही मानो जीवन में अंधेरा छा गया। भाई नंदलाल गुप्ता ने बताया कि गीता देवी का एक बेटा सुमित और दो बेटी हैं। बड़ी बेटी की शादी इनके सामने ही हो गई थी, जबकि बेटा सुमित ने मेहनत मजदूरी करके अपना व छोटी बहिन का भरण-पोषण किया और उसकी शादी की। मां के मिलने से बेटा के बेरंग जीवन में खुशियां लौट आई हैं। अपना घर की पुर्नवास प्रक्रिया पूर्ण कर बेटा सुमित अपनी मां गीता देवी को अपने साथ सूरत ले गया।

## आक्रोशित लोगों ने विधायक बालकनाथ को सुनाई खरी-खोटी

# भिवाड़ी में डकैती के विरोध में धरने पर बैठे व्यापारी

**बेधड़क | अलवर**

जिले के भिवाड़ी में ज्वेलर जयसिंह की हत्या के बाद यहां लोगों का आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। बीती देर शाम हुई इस लूट की घटना के बाद शनिवार को नाराज व्यापारियों ने भिवाड़ी में जाम लगा दिया और सड़क पर धरना देकर बैठ गए। भिवाड़ी ज्वेलर्स लूटपाट और हत्या के मामले की सूचना मिलने के बाद तिजारा विधायक बाबा बालक नाथ धरना स्थल पर पहुंचे।

विधायक बालकनाथ के पहुंचने के बाद यहां ज्वैलर्स संगठन के अध्यक्ष और भिवाड़ी के व्यापारियों ने उन्हें जिले में बिगड़ती कानून व्यवस्था और चुनावों में उनके वादे याद दिलाते हुए जमकर खरी खोटी सुनाई। इस दौरान खुद बालकनाथ भी 4 घंटे तक धरना स्थल पर बैठे रहे, जिसके बाद पुलिस प्रशासन और प्रदेश सरकार के वन मंत्री संजय शर्मा ने समझाइश कर उन्हें वहां से उठाया और धरना समाप्त करवाया।



### पुलिस ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी का दिया आश्वासन

व्यापारियों ने तिजारा विधायक महंत बाबा बालकनाथ को अपने किए गए उन वायदों को याद दिलाया, जिसमें उन्होंने अपने क्षेत्र में कानून व्यवस्था को ठीक करने के लिए कहा था। सैकड़ों की संख्या में व्यापारी सड़क पर धरना देकर बैठे रहे। धरना स्थल पर जयपुर रेंज आईजी अनिल टांक भी पहुंचे। यहां उन्होंने धरना स्थल बैठे व्यापारियों की समस्या को सुना और उन्हें जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया। इस दौरान वन मंत्री और अलवर विधायक संजय शर्मा भी मौके पर पहुंचे। यहां उन्होंने व्यापारियों से बात की। साथ ही इसके बाद मृतक के परिवार जनों से मिलने पहुंचे।

### बदमाशों की जल्द होगी गिरफ्तारी: बालकनाथ

एएसपी भिवाड़ी अतुल साहू ने बताया कि पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास में लगी हुई है। रेंज की 20 से अधिक टीम बनाकर अलग-अलग जगहों पर दबिश दी जा रही है। पुलिस को क्लू मिला है, जिसके आधार पर कार्रवाई की जा रही है। तिजारा विधायक बाबा बालक नाथ ने कहा है कि इस पूरे मामले में बीती रात से ही वे अधिकारियों और परिवार के संपर्क में है। अधिकारियों को आरोपियों को जल्दी गिरफ्तार करने के निर्देश दिए गए हैं। पीड़ित परिवार को न्याय मिले।

### पूर्व सीएम गहलोत ने उठाए कानून व्यवस्था पर सवाल

इस घटना को लेकर पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने प्रदेश में बिगड़ रही कानून व्यवस्था पर सवाल उठाया। उन्होंने सोशल मीडिया 'X' पर लिखा, भिवाड़ी में हुई डकैती एवं हत्या की घटना बेहद गंभीर एवं राज्य सरकार के माथे पर कलंक के समान है। इस घटना को लेकर एडीजी क्राइम एवं आईजी रेंज से बात कर जानकारी ली। यहां डकैतों ने एक व्यापारी की गोली मारकर हत्या कर दी एवं दूसरे व्यापारी घायल हैं। यह घटना राज्य में लगातार बिगड़ती जा रही कानून व्यवस्था की पोल खोल रही है।

### 'हम व्यापारी हैं, शांति चाहते हैं, हमने लड़ना नहीं है'

धरने पर बैठे लोगों ने विधायक से कहा, 'हम सभी ने चुनाव में बीजेपी को वोट देकर आपको जिताया है। आज उन्हीं में एक व्यापारी की सरेआम गोलीमारकर हत्या हुई है। हम सभी व्यापारी आदमी हैं। चैन से रोटी खाना चाहते हैं। हमें लड़ाई नहीं करनी है। हमारा मत साफ है, जब तक गिरफ्तारी नहीं होगी, धरना जारी रहेगा और कोई दुकान नहीं खुलेगी। ये सुनकर विधायक बोले कि इसमें कांग्रेस-बीजेपी जैसा कुछ नहीं है। मैं आपके साथ खड़ा हूं, मगर यहां धरना देने से अपने लोगों को ही समस्या होगी।

### सीसीटीवी में रिकॉर्ड हुई डकैती की पूरी वारदात



भिवाड़ी में शुक्रवार शाम करीब 7:30 बजे हुई डकैती का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। इस वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि 5 नकाबपोश बदमाश एक स्विफ्ट गाड़ी में कमलेश ज्वेलर्स की दुकान पर पहुंचते हैं। कार से उतरते ही उनमें से एक बदमाश बाहर खड़े गार्ड पर डंडे से वार करता है। इसके बाद वो उसकी बंदूक छीनकर उसे दुकान के अंदर ले जाता है। यहां सभी बदमाश बंदूक के बट और डंडे से दुकान में मौजूद लोगों को पीटते हैं और गहने लूटने लगते हैं। इसके बाद लाल शर्ट पहने एक शख्स दौड़ता हुआ मदद के लिए शोरूम में दाखिल होता है, जो दुकानदारों के साथ मिलकर बदमाशों पर हमला कर देता है। इसके बाद बदमाश वहां से भागने लगते हैं, मगर भागते समय वो शोरूम मालिक और गार्ड को गोली मार देते हैं। इस वारदात में दुकान मालिक की मौत हो जाती है, जबकि गार्ड को अस्पताल में इलाज जारी है। अन्य तीन लोगों को भी मामूली चोटे आई हैं। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

## गोगामेड़ी जा रहे थे श्रद्धालु... 35 घायल

# ट्रैक्टर-ट्रॉली और कंटेनर में भिड़ंत, दो की मौत




**बेधड़क | चूरू**

सादुलपुर तहसील के सिद्धमुख थाना क्षेत्र में चैनपुरा छोटा और ढाणा के बीच शुक्रवार रात करीब दो बजे उत्तर प्रदेश के श्रद्धालुओं की भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली और सब्जी से भरे कंटेनर में भिड़ंत हो गई। हादसे में दो श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि करीब 35 से अधिक श्रद्धालु घायल हो गए।

तीन गंभीर घायलों को प्राथमिक इलाज के बाद बीकानेर रेफर किया गया है। एएसआई रामनारायण मीणा ने बताया कि ट्रैक्टर-ट्रॉली में श्रद्धालु उत्तर प्रदेश से हनुमानगढ़ स्थित गोगामेड़ी गोगाजी महाराज के दर्शन करने जा रहे थे। शुक्रवार देर रात ट्रॉली में सवार अधिकतर श्रद्धालु आराम कर रहे थे। तभी चैनपुरा छोटा व ढाणा के बीच हादसा हो गया। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस जाप्ते के साथ मौके पर पहुंचे। एंबुलेंस से घायलों को राजगढ़ के गर्वमेंट अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने दो लोगों को मृत घोषित कर दिया, जबकि 6 श्रद्धालुओं की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक इलाज के बाद चूरू के डीबी अस्पताल रेफर कर दिया। तीन घायलों को बीकानेर रेफर किया गया है। हादसे में उत्तर प्रदेश फिरोजाबाद नंगला सांवती निवासी 50 वर्षीय महाराज सिंह राजपूत और नंगला पांडे फिरोजाबाद निवासी 45 वर्षीय रक्षपाल राजपूत की मौत हो गई।

## गाड़ी छोड़ फरार हुआ ड्राइवर

# कलेक्टर के बंगले में घुसी बेकाबू स्कॉर्पियो



**बाड़मेर।** जिला मुख्यालय पर शुक्रवार रात को एक बेकाबू स्कॉर्पियो कलेक्टर के बंगले में घुस गई। गाड़ी की टक्कर से बंगले की दीवार टूट गई। घटना के बाद ड्राइवर कार को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। कार में कुछ लोग भी बैठे थे। हादसे के बाद कार में सवार लोग भी भाग गए। घटना की सूचना मिलने पर कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस वाहन चालक को तलाश कर रही है। शहर के राय कॉलोनी रोड पर शुक्रवार रात को एक स्कार्पियो गाड़ी सामने से आ रहे बाइक सवार को बचाने के दौरान बेकाबू हो गई। इस दौरान वह कलेक्टर बंगले में घुस गई। गाड़ी की टक्कर से कलेक्टर बंगले की दीवार टूट गई। बंगले के बाहर की दीवार से टकराने के बाद गाड़ी वहीं रुक गई। स्कार्पियो चालक सहित गाड़ी में सवार अन्य लोग फरार हो गए। गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। गाड़ी में लगे एयर बैग खुलने से कोई गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ।

## सुप्रीम कोर्ट के फैसले का समर्थन

# वाल्मीकि, सांसी और कंजर समाज ने रैली निकाल जताया विरोध

**बेधड़क | अजमेर**

सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ एससी-एसटी वर्ग की नाराजगी भारत बंद के तौर पर पिछले दिनों देखने को मिली, वहीं दूसरी ओर दलित वर्ग में शामिल वाल्मीकि समाज ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया है।

अजमेर में वाल्मीकि, सांसी और कंजर समाज ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले के समर्थन में शनिवार को रैली निकाली। समाज के लोगों ने जिला मुख्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम एडीएम सिटी गजेंद्र फैसले का स्वागत कियासिंह राठौड़ को ज्ञापन सौंपा। पूर्व पार्षद श्रवण टोनी ने बताया कि 1 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट का फैसला आया था, जिसमें एसटी-एससी वर्ग में वंचित वर्ग को आरक्षण का लाभ देने के लिए आरक्षण में वर्गीकरण किए जाने का फैसला कोर्ट ने दिया। उन्होंने कहा कि एससी वर्ग में वाल्मीकि, सांसी और कंजर समाज को भी आरक्षण का लाभ मिलना चाहिए। वाल्मीकि समाज की मांग है कि जब सुप्रीम कोर्ट का फैसला आ चुका है तो इस फैसले को राजस्थान सरकार को भी जल्द लागू करना चाहिए। वाल्मीकि, सांसी और कंजर समाज के घरों से भी आईएएस, आरएएस, न्यायिक मजिस्ट्रेट, एमएलए, मंत्री आदि बनाना चाहिए।




### डॉ. किरोड़ी को दिया धन्यवाद

पूर्व पार्षद श्रवण टोनी ने कहा कि भाजपा नेता किरोड़ी लाल मीणा को धन्यवाद देना चाहूंगा कि भरे मंच पर उन्होंने वंचित वर्ग के लिए पैरवी की। उन्होंने साफ कहा था कि मेरे घर में कलेक्टर, एसपी, जज, डॉक्टर हैं। मीणा ने यह भी कहा था कि पड़ोसी के घर के लोगों को भी अवसर मिलना चाहिए। एसटी का नेता सच को सच कहने की हिम्मत रखता है। डॉ. किरोड़ी ने वंचित वर्ग की मांग पुरजोर तरीके से उठाई है, जबकि एससी वर्ग की कई जातियों ने सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के खिलाफ भारत बंद को सहयोग किया है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले का विरोध कर रहे लोगों को चुनाव में घर में नहीं घुसने देंगे, जिसने हमें समर्थन किया है, हम उनका खुलकर समर्थन करेंगे।

### सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लागू करें सीएम

सांसी समाज के जिलाध्यक्ष अमृत कुमार नारिया ने कहा कि एसटी-एससी वर्ग के आरक्षण का लाभ केवल पांच जातियां ही ले रही हैं। इस वर्ग में कई जाति आरक्षण से वंचित हैं। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में वंचित वर्ग को आरक्षण में वर्गीकरण करके लाभ देने की व्यवस्था की है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से आग्रह है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश को राजस्थान में भी लागू किया जाए।

### करौली में निकाली रैली, राष्ट्रपति के नाम एडीएम को सौंपा ज्ञापन

**करौली।** सुप्रीम कोर्ट द्वारा एससी-एसटी आरक्षण में क्रीमीलेयर लागू करने और वर्गीकरण के आदेश का वाल्मीकि समाज ने समर्थन किया है। समाज के लोगों ने शुक्रवार को करौली शहर में रैली निकालकर प्रदर्शन किया। रैली के रूप में कलेक्ट्रेट पहुंच कर राष्ट्रपति के नाम एडीएम को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने ज्ञापन में राष्ट्रपति से एससी-एसटी आरक्षण में वर्गीकरण और क्रीमी लेयर को लागू करने की मांग की। इस दौरान वाल्मीकि समाज ने कहा कि सरकार को किसी भी प्रदर्शनकारी के दबाव में नहीं आना चाहिए और सुप्रीम कोर्ट के आदेश को लागू करना चाहिए। वाल्मीकि समाज की रैली करौली के हिंडौन दरवाजा क्षेत्र से शुरू होकर चौधरी पाड़ा, फूटा कोट, बड़ा बाजार, वजीरपुर दरवाजा, पुरानी कलेक्ट्रेट सर्किल होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंची। इस दौरान वाल्मीकि समाज के युवा-बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं हाथों में तिरंगा थामे सुप्रीम कोर्ट जिंदाबाद के नारे लगाते चल रहे थे। वाल्मीकि समाज के अध्यक्ष ग्यारसा राम, मनोज, सूरज आदि ने बताया कि पिछले 78 सालों में एससी-एसटी आरक्षण का लाभ कुछ लोग ही उठा रहे हैं। यही कारण है कि पिछले 78 साल में वाल्मीकि समाज के बहुत कम लोग ही उच्च पदों तक पहुंच पाए हैं। इस दौरान उन्होंने कुछ परिवार और वर्ग विशेष पर ही आरक्षण का पूरा लाभ उठाने के भी आरोप लगाए हैं। वाल्मीकि समाज के लोगों ने 21 अगस्त को भारत बंद का आह्वान भी राजनीतिक और प्रशासनिक रूप से लाभ उठा ले रहे लोगों पर ही करने का आरोप लगाया है। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछड़ी और अति पिछड़ी जातियां आरक्षण के लाभ से आज भी वंचित हैं।



**एसएससी सीजीएल टियर-1 परीक्षा 9 से 26 सितंबर के बीच होगी आयोजित**

# सीजीएल टियर-1 के एडमिट कार्ड जारी, 30 लाख देंगे परीक्षा

**बेधड़क** नई दिल्ली

कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) ने संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा (सीजीएल) टियर-1 परीक्षा के एडमिट कार्ड जारी कर दिए हैं। परीक्षार्थी अपने रीजनल एसएससी की वेबसाइट्स पर जाकर इन्हें डाउनलोड कर सकते हैं। एसएससी सीजीएल टियर-1 एग्जाम 9 सितंबर से 26 सितंबर के बीच आयोजित होगी। सीजीएल के 17,727 पदों पर भर्ती के लिए 24 जून से 27 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन लिए गए थे। इस परीक्षा के जरिये केंद्र सरकार के विभागों में ग्रुप बी और सी के पदों पर चयन होगा। इस भर्ती के लिए देशभर से करीब 30 लाख युवाओं ने आवेदन किया है।




### यूपी और बिहार में 8.81 लाख अभ्यर्थी

यूपी और बिहार के 18 जिलों में तीन पालियों में आयोजित की जाएगी। टियर-1 कंप्यूटर आधारित परीक्षा के लिए दोनों प्रदेशों में 89 केंद्रों पर 8,81,582 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। 61 परीक्षा केंद्र उत्तर प्रदेश में हैं। यहां 6,16,306 अभ्यर्थी शामिल होंगे। वहीं बिहार के 28 केंद्रों पर 2,65,276 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। एसएससी की ओर से जारी सूचना के मुताबिक पटना में 17 केंद्रों पर 1,72,350, प्रयागराज में 10 केंद्रों पर 89,496, कानपुर में 10 केंद्रों पर 1,19,200, लखनऊ में 11 केंद्रों पर 1,16,028, वाराणसी के नौ केंद्रों पर 1,00,939, आगरा के सात केंद्रों पर 51,600, अलीगढ़ में 7122, आरा में 8100, दरभंगा में 7872 व मुरादाबाद में 5400 अभ्यर्थी शामिल होंगे। बरेली में 34692, गोरखपुर में 23040, मुजफ्फरपुर में 23760 अभ्यर्थी, भागलपुर में 22,320, गया में 12240, झांसी में 19469, मेरठ में 33,120 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं।

### इन पदों के लिए होगी परीक्षा

पद - असिस्टेंट सेक्शन ऑफिसर (ASO), असिस्टेंट, इंस्पेक्टर (CGST और सेंट्रल एक्साइज), इंस्पेक्टर (प्रिवेंटिव ऑफिसर), असिस्टेंट इन्फोर्समेंट ऑफिसर (AEO), सब-इंस्पेक्टर CBI, सब-इंस्पेक्टर नारकोटिक्स, अपर डिविजन क्लर्क (UDC), टैक्स असिस्टेंट आदि।

**Yuva स्टोरीज**

## SRN इन्टरनेशनल स्कूल में जन्माष्टमी महोत्सव में बच्चों में दिखा उत्साह



**बेधड़क** | जयपुर

जन्माष्टमी महोत्सव पर नन्हे-मुन्हे बच्चे ग्वाल-बाल व कृष्ण की वेशभूषा में खासे उत्साहित नजर आए। इस अवसर पर विद्यालय में अन्तर्सदनीय नन्दोत्सव कार्यक्रम रखा गया। प्रत्येक सदन से कृष्ण को अपने ग्वाल-बालों के संग चतुराई से मटके को फोड माखन चुराना व माखन खाना था। मांटेशरी वर्ग के नन्हे-मुन्हें विद्यार्थी विभिन्न रुप धारी कोई ग्वाला तो कोई कृष्ण, बलराम, राधा, गोपियाँ, नन्दबाबा, देवकी आदि की ऑकियों ने नन्दोत्सव में चार चाँद लगा दिए। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जिसमें छात्र-छात्राओं द्वाराकृष्ण के बाल रूप की झौंकी सजाई गई। कृष्ण की रास लीलाओं पर आधारित एक लघु नृत्य नाटिका तथा वृन्दावन का कृष्ण कन्हैया.... गीत पर नृत्य प्रस्तुत कर वातावरण को कृष्णमय बना दिया। कार्यक्रम के अन्त में विद्यालय डायरेक्टर उषा शर्मा ने बताया कि इस प्रकार के उत्सवों से विद्यार्थी स्फूर्ति का अनुभव करता है तथा अध्ययन की तरफ अग्रसर होता है तथा भगवान श्रीकृष्ण के बचपन की नटखन व शरारती तथा मन चली आदतों से अवगत होते है।



## जन्माष्टमी की पोशाकें पहन नन्हे-मुन्हे ने मोहा सबका मन

**चाकसू।** कस्बे में निमोडिया रोड स्थित शिक्षण संस्थान 'अपनत्व फ्यूचर जोन एकेडमी सेकेंडरी स्कूल' के प्रांगण में शनिवार को कृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस उत्सव पर स्कूल में प्रतियोगिताएं करवाई गई। जिसमें कक्षा नर्सरी से पांचवीं तक के नन्हे-नन्हे बच्चों ने राधा-कृष्ण, मीरा, सुदामा की पोशाकों को पहन कर सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक भवानी सिंह चौहान ने भगवान कृष्ण के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। प्रधानाचार्य सुनैना कंवर राजावत ने बताया कि इस दौरान बच्चों ने विभिन्न झांकियों की प्रस्तुति दी। साथ ही श्रीकृष्ण के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को बधाई दी। इस मौके पर समस्त स्टाफ व विद्यार्थी उपस्थित थे।

**अपेक्स इंटरनेशनल स्कूल में एग्जिबिशन का आयोजन**

# 'अभिव्यक्ति' में स्टूडेंट्स ने दिखाई क्रिएटिविटी



**बेधड़क** | जयपुर

लालकोठी स्थित अपेक्स इंटरनेशनल स्कूल में एनुअल मॉडल्स एवं चाटर्स एग्जिबिशन 'अभिव्यक्ति - 2024' का आयोजन किया गया। कक्षा एक से बारहवीं तक के स्टूडेन्ट्स ने वर्किंग, नॉन वर्किंग मॉडल्स और चाटर्स बनाकर अपनी क्रिएटिविटी द्वारा अपने अंदर छिपे टैलेंट को प्रदर्शत किया। बच्चों की तकनीकी, कलात्मक और रचनात्मक सोच को मॉडल्स के रूप में देखकर उपस्थित सभी लोग आश्चर्य चकित हो गए। एग्जिबिशन का उद्घाटन मुख्य अतिथि करुणा यादव ने फीता काटकर किया। इंग्लिश, मैथ्स, साइंस, सोशल साइंस, कॉमर्स, कम्प्यूटर, फिजिकल एज्यूकेशन, फ्रेंच, जूनियर साइंस, ह्यूमिनिटीज, हिन्दी, आर्ट एण्ड क्राफ्ट सब्जेक्ट वाइज लगाई गई। इस एग्जिबिशन में लेटेस्ट टेक्नोलॉजी, हिस्टोरिकल एवं कल्चरल महत्व की इमारतों के 250 मनमोहक वर्किंग व नॉन - वर्किंग मॉडल्स के अलावा विभिन्न विषयों से संबंधित 300 से अधिक चाट्र्स को देख अभिभावकों ने खुले दिल से स्टूडेन्ट्स की क्रिएटिविटी के साथ ही उनके प्रयासों और सोच की सराहना की। समारोह के मुख्य अतिथि ने स्टूडेन्ट्स के टैलेंट की सराहना करते हुए स्टूडेन्ट्स से कहा कि जीवन में लक्ष्य निर्धारण से लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। स्कूल की डायरेक्टर डॉ. शीतल जूनीवाल ने सभी अतिथियों का स्वागत किया व स्कूल की प्रिंसिपल अर्चना सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### मॉडल्स से गणित को समझाया आसानी से

एग्जिबिशन में विज्ञान एवं टेक्नोलॉजी विषय से संबंधित मॉडल्स में स्टूडेन्ट्स ने टैस्ला कोइल, लेजर सिक्यूरिटी सिस्टम, शॉक आब्जर्वर, इलेक्ट्रिक कार, रोबोट, नेत्रहीनों के लिए थर्ड आई, ट्रेफिक जाम टर्बाइन, ड्रोन, वाई-फाई ब्राडबैण्ड, क्रॉसवर्ड पजल्स कार्य आदि मॉडल्स बनाकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। एग्जिबिशन में गणित के ऐसे मॉडल्स और फार्मूला प्रदर्शित किए गए। जिसके द्वारा गणित जैसे कठिन विषय को आसानी से समझ कर सवालों को हल किया जा सकता है।

### प्राकृतिक संसाधनों को बचाने का दिया संदेश

एग्जिबिशन में स्टूडेन्ट्स ने बैंकों की कार्यप्रणाली, मोबाइल बैंकिंग, ऑनलाइन शॉपिंग, विभिन्न कंपनियों के मार्केटिंग सिस्टम, ई - कॉमर्स के साथ - साथ जीएसटी के कॉन्सेप्ट और केन्द्रीय बजट की प्रक्रिया को भी मॉडल्स के माध्यम से समझाया। ऐतिहासिक व कॉमर्शियल बिल्डिंग्स के मॉडल्स को देखकर सभी ने स्टूडेन्ट्स की मेहनत की सराहना की। एग्जिबिशन में पेड़ लगाने, वाइन्ड एनर्जी, वर्षा जल संरक्षण, विद्युत संरक्षण, पानी बचाने तथा वन्य जीव अभ्यारण्य आदि मॉडल्स से वन्य जीव संरक्षण के साथ - साथ नष्ट होते प्राकृतिक संसाधनों को बचाने का संदेश दिया।

### हर माह बच्चे और शिक्षक मिलकर स्कूल की सफाई करें : शिक्षा मंत्री

**जोधपुर।** प्रदेश के शिक्षा मंत्री एवं जोधपुर के प्रभारी मंत्री मदन दिलावर ने यहां शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बैठक ली और जिले की प्रगति रिपोर्ट जानी। इस दौरान मंत्री दिलावर ने 7 अगस्त को संपन्न हुए वृक्षारोपण महाभियान मे लगाए गए पौधो की ब्लॉक वॉर रिपोर्ट ली और लगाए गए सभी पौधो के संरक्षण और सुरक्षा के उपाय करने के निर्देश दिए। मंत्री ने बताया कि आगामी 2 अक्टूबर से प्रदेश मे स्वच्छ भारत अभियान शुरू होगा। अभियान मे अपनी सहभागिता देते हुए हमको तय करना है की आगामी 2 वर्षो मे राजस्थान पूरे भारत मे सबसे स्वच्छ प्रदेश बने। शिक्षा मंत्री ने निर्देश दिए की कक्षा 8 से 12 तक के सभी बच्चे व विद्यालय स्टाफ मिलकर प्रत्येक माह मे एक बार पूरे स्कूल परिसर की सफाई करे। विभाग सफाई के आधार पर स्कूलों की रैंकिंग करेगा।

## 100 से अधिक बाल साहित्यकारों ने किया बाल साहित्य पर मंथन



**बेधड़क** | राजसमंद

'अणुव्रत विश्व भारती' के तत्वावधान में 'बच्चों का देश' पत्रिका का रजत जयन्ती समारोह अणुव्रत विश्व भारती मुख्यालय चिल्ड्रंस पीस पैलेस में हर्षोल्लास से मनाया गया। तीन दिन तक अत्यन्त स्नेहिल, अपनत्वभरे वातावरण में और 100 से अधिक बाल साहित्यकारों की मौजूदगी में यह कार्यक्रम चला।

कार्यक्रम के सभी आयोजक अणुविभा से अविनाश नाहर, सुराणा जी, कावड़ियाजी एवं 'बच्चों का देश' से संचय जैन, प्रकाश तातेड़, चन्द्रशेखर, निरन्तर 100 से अधिक बाल साहित्यकारों को सुविधाएं देने के लिए तत्पर रहे। इस दौरान भोजन, आवास, भ्रमण आदि की शानदार व्यवस्थाएं रही। कार्यक्रम में सात सत्रों में सभी साहित्यकारों की उपस्थिति रही। प्रबुद्ध साहित्यकारों ने नियोजित विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत कर कार्यक्रम को उद्देश्यपूर्ण सफल बनाया। वहीं ' चिल्ड्रेन्स पीस पैलेस, राजसमन्द का प्राकृतिक सौंदर्य और सकारात्मक ऊर्जा पाकर भावविभोर हो उठे। विभिन्न समूहों में बाल साहित्यकारों का 31 विद्यालयों में जाकर बच्चों को कविताएं और कहानी आदि सुनाकर साहित्य में रुचि जगाई। कार्यक्रम के समापन अवसर पर बाल साहित्यकार की भूमिका विषय पर अर्चना त्यागी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। पत्रिका में उत्कृष्ट लेखकीय योगदान के लिए अर्चना त्यागी को सम्मानित भी किया गया।

## RSLDC से किया जाए एमओयू : राजन विशाल



**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास सहकारी निगम लिमिटेड की कार्यप्रणाली को पारदर्शी बनाने के साथ ही अल्पसंख्यकों के लिए प्रक्रिया सुलभ बनाई जाए। निगम प्रशासक आरएमएफडीसी एवं शासन सचिव, अल्पसंख्यक मामलात एवं वक्फ विभाग राजन विशाल ने यह निर्देश दिए। उन्होंने राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, जयपुर के सभागार में सम्पन्न हुई निगम की वार्षिक साधारण सभा की बैठक के दौरान अधिकारियों से फीडबैक लिया। राजन विशाल ने निगम ऋण योजनाओं में नवाचारों की जानकारी दी। साथ ही निगम में ऑनलाइन प्रणाली लागू करने, आरएसएलडीसी से एमओयू किए जाने, ऋण प्रक्रिया का सरलीकरण किए जाने जैसे उपायों पर भी फोकस करने के निर्देश दिए। बैठक में निगम के प्रबंध निदेशक भंवरलाल मेहरड़ा आदि मौजूद रहे।

## संस्कृत सप्ताह के विजेता सम्मानित



**जयपुर।** केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय जयपुर परिसर की ओर से आयोजित संस्कृत सप्ताह 14-22 अगस्त का समापन समारोह हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राहुल द्विवेदी अध्यक्ष, पर्यावरण-वन-जलवायु-परिवर्तन संवर्धन-परिषद, नई दिल्ली और मुख्य वक्ता डॉ. श्रीकान्त क्षेत्रीय बौद्धिक प्रमुख राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ तथा सारस्वत अतिथि के रूप में रंजीत कुमार क्षेत्रीय प्रबन्धक, राजस्थान यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया रहे। अध्यक्ष के रूप में परिसर निदेशक प्रो. सुदेश शर्मा एवं विशेष मार्गदर्शक शिक्षाशास्त्र विद्या शाखा के अध्यक्ष प्रो वाई एस रमेश थे। आयोजन समिति के संयोजक डॉ. डम्बरुधर पति, प्राध्यापक, शिक्षाशास्त्रविद्याशाखा ने संस्कृत सप्ताह कार्यक्रम का विवरण प्रस्तुत किया। इस दौरान संस्कृत सप्ताह के अंतर्गत विजेताओं को पुरस्कार देकर अतिथियों के द्वारा सम्मानति किया गया।

**एग्जाम** | **13 हजार से ज्यादा कैंडिडेट्स रजिस्टर्ड**

# एएसओ एग्जाम आज, एक घंटे पहले मिलेगी एन्ट्री

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से सहायक सांख्यिकी अधिकारी (कृषि विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2024 रविवार को सुबह 11 से 1.30 बजे तक आयोजित होगी। परीक्षा अजमेर और जयपुर के कुल 51 सेंटरों पर आयोजित होगी और परीक्षा में 13290 अभ्यर्थी रजिस्टर्ड हैं। राजधानी में 32 सेंटरों पर 8848 और अजमेर में 19 सेंटरों पर 4442 अभ्यर्थी रजिस्टर्ड हैं। परीक्षा के प्रवेश-पत्र आयोग की वेबसाइट और एसएसओ पोर्टल पर 22 अगस्त को जारी कर दिए। परीक्षा के लिए आवंटित जिले की जानकारी 18 अगस्त से एसएसओ पोर्टल पर उपलब्ध करा दी गई थी। प्रवेश-पत्र आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध एडमिट कार्ड लिंक के माध्यम से आवेदन-पत्र क्रमांक व जन्म दिनांक प्रविष्ट कर डाउनलोड किए जा सकेंगे। इसके अतिरिक्त एसएसओ पोर्टल पर लॉगिन कर सिटिजन ऐप्स में उपलब्ध रिक्रूटमेंट पोर्टल लिंक से भी प्रवेश-पत्रों को डाउनलोड किया जा सकता है।




### नहीं आएं किसी के बहकावे में

आयोग की ओर से आयोजित परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थी किसी दलाल, मीडिएटर, समाजकंटक या अपराधी के बहकावे में न आएं। यदि कोई परीक्षा में पास कराने के नाम पर रिश्वत की मांग या अन्य कोई प्रलोभन व झांसा देता है तो प्रमाण सहित इस संबंध में जांच एजेंसी एवं आयोग कंट्रोल रूम नंबर 0145-2635200, 2635212 एवं 2635255 पर सूचना दे सकते हैं।

### मूल आधार कार्ड और प्रवेश पत्र पर रंगीन फोटो जरूरी

परीक्षा केन्द्र पर किसी भी परीक्षार्थी को प्रत्येक परीक्षा के शुरू होने के 60 मिनट पूर्व तक ही प्रवेश दिया जाएगा। इसके बाद किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र पर प्रवेश नहीं दिया जाएगा। अभ्यर्थियों को पहचान के लिए परीक्षा केंद्र पर मूल आधार कार्ड (रंगीन प्रिंट) लेकर उपस्थित होना होगा। यदि मूल आधार कार्ड पर फोटो पुरानी अथवा अस्पष्ट है तो अन्य मूल फोटो युक्त पहचान-पत्र यथा मतदाता पहचान-पत्र, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस जिसमें रंगीन एवं नवीनतम स्पष्ट फोटो हो, लेकर परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होवें। इसके साथ ही अभ्यर्थी प्रवेश-पत्र पर भी नवीनतम रंगीन फोटो ही चस्पा करना सुनिश्चित करें। अभ्यर्थी प्रवेश-पत्र के साथ जारी आवश्यक अनुदेशों का अवलोकन अवश्य कर लेवें।





पंकज ओझा
राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी


### उज्जैन (दंगवाड़ा) में बोरेश्वर महादेव के एक साथ होते हैं 12 ज्योतिर्लिंगों के दर्शन

# यहां रात को चलती है भोले की सवारी नंदी, अपने आप बजते हैं घंटे-घड़ियाल!

## शाश्वत सनातन

*मध्य प्रदेश के मालवा क्षेत्र की धरा पर शाक्त धर्म की पूजा के कई ऐतिहासिक साक्ष्य मौजूद हैं, जो इस क्षेत्र की समृद्ध धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर को प्रकट करते हैं। ताम्र पाषाण काल से लेकर गुप्त काल तक की अद्वितीय विरासत को संजोए, दंगवाड़ा गांव में स्थित एक अनूठा शिव मंदिर है, जिसे बोरेश्वर महादेव मंदिर के नाम से जाना जाता है। यह मंदिर उज्जैन से लगभग 30 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है और यहां आने वाले भक्तों को एक ही स्थान पर 12 ज्योतिर्लिंगों के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त होता है। बोरेश्वर महादेव मंदिर की सबसे खास बात यहां स्थापित महादेव की विलक्षण और स्वयंभू लिंग मूर्ति है। इस मंदिर में 12 ज्योतिर्लिंगों का समावेश है, जो इस स्थान को विशेष धार्मिक महत्व प्रदान करता है। यहाँ पर स्थित महादेव की जलधारी का रहस्य आज भी लोगों के लिए अचंभे का कारण बना हुआ है। इस जलधारी में कितना भी पानी डाला जाए, वह हमेशा एक समान स्तर पर रहता है। न तो पानी का स्तर बढ़ता है, न ही घटता है। यह आश्चर्यजनक घटना भक्तों के मन में इस स्थान के प्रति असीम श्रद्धा और विश्वास उत्पन्न करती है।*





### चंबल में मिलते हैं शिवलिंग पर चढ़ाए सिक्के

मंदिर का सबसे बड़ा रहस्य यह है कि यहां शिवलिंग पर चढ़ाए गए सिक्के सीधे चंबल नदी तक पहुंचते हैं। यह घटना भक्तों और शोधकर्ताओं दोनों के लिए आज भी एक पहेली बनी हुई है। यह कैसे संभव है, इसका कोई वैज्ञानिक या तार्किक उत्तर आज तक नहीं मिल पाया है। इस रहस्य ने बोरेश्वर महादेव मंदिर को और भी चमत्कारी और श्रद्धालुओं के बीच प्रिय बना दिया है।



### चंबल नदी करती है परिक्रमा

मंदिर के महंत गिरी बताते हैं कि इस पवित्र स्थान से गुजरने वाली मां चंबल नदी बोरेश्वर महादेव की परिक्रमा करती है, लेकिन महादेव के सोमसूत्र का उल्लंघन नहीं करती। यह एक और चमत्कार है जो इस मंदिर की पवित्रता को बढ़ाता है। स्थानीय लोगों के अनुसार, यहां रात के समय नंदी महाराज के चलने की आवाजें सुनाई देती हैं और कई भक्तों को उनके दर्शन भी होते हैं। कुछ समय पहले, मंदिर में रातभर घंटी और घड़ियाल अपने आप बजते हुए दिखाई देते थे, जो इस स्थान की अलौकिकता को और भी रहस्यमयी बनाते हैं।

### कर्क रेखा के ठीक ऊपर स्थित मंदिर

बोरेश्वर महादेव मंदिर के रहस्यों की बात करें तो यह जितना पुरातन है, उतना ही आश्चर्यजनक भी है। यह मंदिर कर्क रेखा के ठीक ऊपर स्थित है, और इसे इस रेखा पर स्थित पहला मंदिर माना जाता है। इस मंदिर के आसपास के क्षेत्र में समय-समय पर खुदाई के दौरान 5000 साल पुराने सिक्के और कलाकृतियां मिलती रहती हैं, जो इस स्थान के प्राचीन इतिहास और संस्कृति की झलक देती हैं।

### श्रद्धा, आस्था और रहस्यों से भरपूर है पवित्र शक्ति का प्रतीक यह मंदिर

इस प्रकार, बोरेश्वर महादेव मंदिर न केवल एक धार्मिक स्थल है, बल्कि यह उस पवित्र शक्ति का प्रतीक है जिसे मानव समझ से परे माना जाता है। यह मंदिर मालवा की धरा पर स्थित एक ऐसा अद्वितीय स्थल है, जो श्रद्धा, आस्था और रहस्यों से भरपूर है। यहां आकर भक्त न केवल महादेव की कृपा प्राप्त करते हैं, बल्कि इस पवित्र धरा की अद्वितीय सांस्कृतिक धरोहर का भी अनुभव करते हैं।

---

**कॅरिअर परामर्श**

# काम जितना ही जरूरी है विश्राम...




अर्चना त्यागी


अवकाश भी उतना ही जरूरी है जितना कि कार्य का निर्वाह। आज के मशीनी युग में हम इस धारणा को भूलते जा रहे हैं। लगातार काम, काम और बस काम। काम को महत्व देना हमारी आदत होनी चाहिए, किंतु निरंतर बिना रुके काम करने से शरीर, मन और मस्तिष्क पर होने वाले दुष्प्रभाव से भी हमें अनजान नहीं रहना चाहिए। हमारा शरीर भी प्रकृति द्वारा निर्मित एक मशीन ही है। इस बात से भी इनकार नहीं किया जा सकता है कि यह मशीन भी अन्य मशीनों की भांति उचित रख रखाव मांगती है। केवल रख रखाव ही नहीं कुछ समय का अवकाश भी मांगती है, ताकि इसके कल पुर्जे वापस अपनी जगह पर आकर फिर से निरंतर काम करने के लिए तैयार हो सकें।

युवावस्था को सबसे अधिक ऊर्जावान अवस्था माना गया है। शरीर में इतनी ऊर्जा भरी होती है कि थकान का अनुभव अक्सर नहीं होता है। पाचन तंत्र भी एकदम दुरुस्त होता है, जिसके कारण जो भी खा लिया जाता है वह हजम हो जाता है। नींद नहीं भी पूरी हो तो अगले दिन शरीर फिर से पहले की तरह काम पर लग जाता है। यार दोस्त और परिवार वालों का भी पूरा ध्यान युवाओं के उपर होता है। अक्सर शुभचिंतक कुछ भी कहने से बचते हैं कि कहीं नाराज होकर हमसे नाता नहीं तोड़ ले। दोस्त भी इस अवस्था में आसानी से बन जाते हैं। समस्या आती है युवावस्था गुजरने के बाद। जब शरीर थकने लगता है तो पूर्व में की गई लापरवाही उसकी थकान और बढ़ा देती है। जिम्मेदारियां अपने उपर आ जाती हैं।

अब अवकाश लेना भी चाहें तो नहीं ले पाते हैं। अवकाश लेने से स्थिति प्रभावित होती है। जीवन एक प्रबंधन और समन्वयन का नाम है। दुर्भाग्य से हम इस बात को तब स्वीकार करते हैं, जब हमारे हाथ से सब निकल चुका होता है। युवावस्था में मनमर्जी करने वाले बाद में इसके दुष्परिणाम भोगते हैं। पढ़ाई हो या कैरियर उसे भरपूर समय देना चाहिए। जितनी सुविधाएं सुलभ हों और जितनी योग्यता ईश्वर ने दी हो उसे निखारने का अवश्य ही भरपूर प्रयत्न होना चाहिए, परंतु प्रकृति के विरुद्ध जाकर नहीं। शुरू से ही काम के साथ आराम की जुगलबंदी होनी चाहिए। घंटों पढ़ाई करने के बाद मस्तिष्क को विश्राम देना भी उतना ही आवश्यक है जितना उससे काम लेना। यदि ऐसा नहीं किया जाए तो की गई सारी मेहनत बेकार भी हो सकती है। थके हुए दिमाग में ठूंसी गए आंकड़े कभी भी क्रम में नहीं रहते। अर्थात ठूंस तो जाएंगे, परंतु उसी रूप में बाहर नहीं आ पाएंगे। विशेषकर कठिन परीक्षाओं की तैयारी में लगे विद्यार्थियों और धनोपार्जन को समर्पित हो चुके युवाओं को इस लेख को अवश्य पढ़ना चाहिए। शरीर, मन और मस्तिष्क को समय समय पर विश्राम मिलना जरूरी है अन्यथा वांछित परिणाम मिलना असंभव है। कुछ समय के लिए रुककर वापिस अपनी गति को पकड़ना अधिक उचित है।

---


**पुस्तक समीक्षा**

# जिंदगी के सच्चे लम्हों के जादूगर थे शैलेन्द्र




ज़ाहिद ख़ान
पुस्तक संपादक


शंकर सिंह शैलेन्द्र गीतकार, कवि जिन्हें हम सभी फिल्मों के मशहूर-ओ-मकबूल और दिलपसंद गीतों के बाइस शैलेन्द्र के नाम से जानते हैं। शैलेन्द्र पर पहले भी कई किताबें आ चुकी हैं, जिनसे उनकी शख्सियत और काम के बारे में तफसीली मालूमात मिलती रही है। अब नई किताब जाहिद खान ने मुख्तलिफ अहम तहरीरों को जमा करके 'शैलेन्द्र....हर जोर जुल्म की टक्कर में' के शीर्षक से संपादित की है। जिसे 'उद्भावना पब्लिकेशन' गाजियाबाद ने अपने रिवायती, खूबसूरत और साफ-सुथरे अंदाज में छापा है। इस किताब में शैलेन्द्र का खुद का लिखा आत्मकथ्य भी है। जाहिद खानन के विस्तृत आलेख के अलावा राजेश जोशी, अरुण कमल, विजय पाडलकर, डॉ. इंद्रजीत सिंह, जयनारायण प्रसाद, दीप भट्ट के अलावा छोटी-छोटी समीक्षात्मक टिप्पणियां भी हैं। इनमें डॉ. रामविलास शर्मा, डॉ. नामवर सिंह, डॉ. मैनेजर पांडेय, विश्वनाथ त्रिपाठी, त्रिलोचन शास्त्री, मंगलेश डबराल, भीष्म साहनी और कमलेश्वर, तो फिल्मों के खानदान से राजकपूर, विजय आनंद, नीरज, कैफी आजमी, गुलजार, योगेश, विट्ठल भाई पटेल जैसे मारूफ लोगों ने अपने कॉलमों में शैलेन्द्र को ऐसा खिराज-ए-अकीदत पेश किया है, जिसके वो हकदार थे। शैलेन्द्र के गीतों में मौसमों की हरारत कुदरती और बेहद अहमियत की वाहक होती है। शैलेन्द्र के बारे में किसी शख्स से भी पूछा जाये, तो उसका एक ही जवाब होगा कि 'वो जिंदगी लिखता है।' 'आवारा हूं, आवारा हूं...या गर्दिश में आसमान का तारा हूं।', 'है सबसे मधुर वो गीत, जिन्हें हम दर्द के सुर में गाते हैं', 'दिल का हाल सुने दिलवाला' इन सब गीतों से गुजरते हुए किसी भी शख़्स का वही हाल होता है, जो इस गीत में बयान किए हुए दर्द से गुजरते हुए किरदार का होता है। जाहिद खान ने बहुत छान-फटककर मजामीन का इंतिखाब किया है। इस किताब से जो लोग गुजरेंगे, उन्हें शैलेन्द्र के फन की वो झांकियां भी देखने को मिलेंगी, जिनसे अभी तक वो नावाकिफ थे। ये किताब पेजों के हिसाब से छोटी है, मगर इसमें सामग्री बहुत बड़ी है। बहुत बड़े-बड़े शायरों के दरमियान शैलेन्द्र ने जिस रास्ते को सुझाया और अपने गीतों को कामयाबी की मंजिल तक पहुंचाया, ये छोटी किताब एक बड़े खिराज-ए-अकीदत का फूल है।




*किताब समीक्षा : 'शैलेन्द्र : हर जोर जुल्म की टक्कर में...',*
*संपादन : ज़ाहिद खान,*
*पेज : 112,*
*मूल्य : 100,*
*प्रकाशक : उद्भावना गाजियाबाद।*

---

## शब्दों की सीख

# बेटे का सपना और पेरेंट्स का प्यार

### अर्जुन के जन्मदिन पर माता-पिता ने दिया उसे खास तोहफा



*यह कहानी एक युवा अर्जुन की है, जिसके माता-पिता उसे डॉक्टर बनाना चाहते हैं, लेकिन उसका सपना एक आर्टिस्ट बनने का है। इसमें संघर्ष है माता-पिता के अरमानों और अर्जुन के सपने के बीच...*

राजस्थान के एक छोटे से शहर में शर्मा परिवार रहता था। मोहन शर्मा, जो एक सरकारी अफसर थे, और उनकी पत्नी सविता, जिनकी दुनिया घर और परिवार तक सीमित थी, अपने बेटे अर्जुन से बहुत प्यार करते थे। उनकी सबसे बड़ी इच्छा थी कि अर्जुन बड़ा होकर एक प्रतिष्ठित डॉक्टर बने। अर्जुन हमेशा से ही पढ़ाई में अव्वल रहता था और माता-पिता को विश्वास था कि वह उनके सपनों को साकार करेगा। लेकिन, अर्जुन का दिल कला में बसता था। उसकी रुचि एक्टिंग में थी। वह एक आर्टिस्ट बनना चाहता था, लेकिन जब भी वह अपने माता-पिता से अपनी इस इच्छा को जाहिर करता, वे उसे गंभीरता से नहीं लेते थे। 12वीं कक्षा के बाद, अर्जुन के माता-पिता ने उसे एक नामी मेडिकल कोचिंग में दाखिल करवा दिया, ताकि वह डॉक्टर बनने की तैयारी कर सके। अर्जुन ने बहुत



समझाने की कोशिश की कि उसका मन कला के क्षेत्र में है, लेकिन माता-पिता ने उसकी बात को नज़रअंदाज कर दिया। नए शहर में अर्जुन का मन बिल्कुल भी नहीं लगता था। वह अपनी पढ़ाई में ध्यान लगाने की कोशिश करता, लेकिन उसका दिल कहीं और था। धीरे-धीरे, वह तनाव में घिरने लगा। उसे ऐसा महसूस होता कि वह अपने सपनों और माता-पिता की उम्मीदों के बीच फंस गया है। अर्जुन के दोस्त राहुल ने उसकी हालत देखकर उससे बात की। अर्जुन ने राहुल को बताया कि वह इस तनाव को अब और नहीं झेल सकता और उसने आत्महत्या करने का मन बना लिया है। यह सुनकर राहुल का दिल बैठ गया। वहां से निकलते ही उसने तुरंत अर्जुन के माता-पिता को फोन लगाया और उन्हें अर्जुन की मानसिक स्थिति के बारे में बताया। यह सुनते ही अर्जुन के माता-पिता को अपनी गलती का एहसास हुआ। उन्हें समझ में आया कि उन्होंने अपने बेटे पर अपनी इच्छाओं का बोझ डाल दिया था, बिना यह जाने कि अर्जुन के अपने सपने और इच्छाएं भी हैं। वे तुरंत उस शहर पहुंचे, जहां अर्जुन कोचिंग कर रहा था। अर्जुन का जन्मदिन पास आ गया था और उसके माता-पिता ने उसके लिए एक खास तोहफा सोचा।

उन्होंने अर्जुन को गले लगाया और कहा, 'बेटा, हमें माफ कर दो। हमने तुम्हारे सपनों को समझने में देर कर दी। अगर तुम्हारा दिल आर्टिस्ट बनने का है, तो हम तुम्हारे साथ हैं।' फिर उन्होंने अर्जुन को एक लिफाफा दिया। जब अर्जुन ने लिफाफा खोला, तो उसमें एक एक्टिंग इंस्टीट्यूट का एडमिशन फॉर्म था। अर्जुन की आंखों में खुशी के आंसू आ गए। उसने अपने माता-पिता को गले लगाते हुए कहा, 'आपने मुझे मेरी असली जिंदगी वापस दे दी। मैं आपसे बहुत प्यार करता हूं।' शर्मा जी ने मुस्कुराते हुए कहा, 'हमारे लिए तुम्हारी खुशी सबसे बड़ी है। हम तुम्हारे हर सपने में तुम्हारे साथ हैं।' उस दिन के बाद से अर्जुन ने पूरे दिल से अपने सपनों की ओर कदम बढ़ाए। उसके माता-पिता ने भी उसे पूरा समर्थन दिया। आज अर्जुन एक सफल आर्टिस्ट है, और जब वह किसी बड़े मंच पर खड़ा होता है, तो उसके माता-पिता गर्व से कहते हैं, 'यह हमारे बेटे की मेहनत और हमारे प्यार का फल है।' अब शर्मा दंपती को समझ में आ गया था कि माता-पिता का प्यार और समर्थन ही बच्चों को उनके सपनों की उड़ान भरने में मदद करता है। उन्हें समय रहते अपनी गलती का एहसास किया और अपने बेटे को उसके सपनों की ओर बढ़ने का मौका दिया। इस तरह, उनका रिश्ता और भी मजबूत हो गया, और उन्होंने मिलकर एक नई शुरुआत की।

***(यह कहानी AI से जेनेरेट की गई है)***

**पीडीपी का घोषणा पत्र जारी:** फ्री बिजली, गरीब परिवारों को 12 सिलेंडर और पुरानी पेंशन की बहाली का वादा

# कांग्रेस पीडीपी का एजेंडा माने तो गठबंधन संभव, सीट शेयरिंग पर नहीं: मुफ्ती

**एजेंसी** | जम्मू

जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव के लिए बढ़ती सियासी सरगर्मी के बीच पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी(पीडीपी) ने शनिवार को अपना घोषणा पत्र जारी करते हुए 200 यूनिट फ्री बिजली देने, गरीब परिवारो को 12 महीने में 12 रसोई गैस सिलेंडर देने व पुरानी पेंशन योजना लागू करने समेत कई वादे किए हैं। इसके साथ ही पार्टी ने कहा है कि कांग्रेस यदि पीडीपी का एजेंडा मानती है तो उसके साथ गठबंधन संभव है। लेकिन केवल सीट शेयरिंग पर कोई गठबंधन नहीं हो सकता है।




पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने शनिवार को अपनी पार्टी का चुनाव घोषणा पत्र जारी करते हुए यह बात कही। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस के बीच गठबंधन किसी एजेंडे पर नहीं हो रहा है और यह सिर्फ सीट शेयरिंग पर ही आधारित है। हम ऐसा कोई गठबंधन नहीं करेंगे जिसमें केवल सीट शेयरिंग की बात हो और हमारा एजेंडा जम्मू-कश्मीर की समस्या को सुलझाना है। उन्होंने कहा कि अगर नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस हमारे घोषणापत्र को स्वीकार करने और कश्मीर मुद्दे के समाधान पर सहमत होने के लिए तैयार हैं, तो हम किसी भी सीट पर लड़े बिना उनका समर्थन करेंगे। क्योंकि मेरे लिए कश्मीर समस्या का समाधान किसी भी अन्य चीज से ज्यादा महत्वपूर्ण है।

### एलओसी पर भारत- पाकिस्तान के बीच व्यापार बहाल हो

चुनाव घोषणा पत्र में महबूबा मुफ्ती ने एलओसी के पार भारत और पाकिस्तान के बीच व्यापार की बहाली पर जोर दिया। मुफ्ती ने सरकार में आने के बाद पीडीपी मुफ्ती मोहम्मद सईद योजना को फिर से लागू करेगी क्योंकि जिन गरीबों के घर में 1 से 6 लोग हैं, उन्हें पर्याप्त चावल और राशन नहीं मिल पाता था। उन्होंने यह भी कहा कि पीडीपी गरीब परिवार को साल में 12 सिलेंडर मुहैया कराएगी।

### पीडीपी का चुनाव घोषणापत्र में प्रमुख वादा

- हर घर को 200 यूनिट बिजली मुफ्त का वादा।
- बकाया बिजली बिलों का एकमुश्त निपटान होगा।
- बीपीएल (पीएचएच), पीएचएच और एनपीएच की श्रेणियों के अंतर्गत आने वाले परिवारों को प्रति व्यक्ति 5 किलोग्राम राशन मिलेगा।
- ईडब्ल्यूएस क्षेणी के लोगों को 12 महीने में 12 सिलेंडर मुफ्त मिलेंगे।
- संपत्ति खरीदने वाली महिला के लिए कोई स्टाम्प ड्यूटी नहीं।
- सभी घरों के लिए संपत्ति कर समाप्त करेंगे।
- ईडब्ल्यूएस के अंतर्गत आने वाले सभी लोगों को घर बनाने के लिए रियायती दरों पर लकड़ी उपलब्ध होगी।
- वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन और विकलांगों के लिए पेंशन जैसी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के तहत धनराशि को 1000 से बढ़ाकर 2000 तक किया जाएगा।

## फिर एक साथ आ सकते हैं अखिलेश व मायावती!



**वाराणसी**। बसपा और सपा के गठबंधन को लेकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव रामअचल राजभर ने दावा किया है कि 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव में एक बार फिर मायावती और अखिलेश यादव एक हो सकते हैं। उन्होंने कहा, सामाजिक न्याय के मुद्दे पर आगामी विधानसभा चुनाव में अखिलेश यादव और मायावती फिर से एक मंच पर देखे जा सकते हैं। शनिवार को वाराणसी पहुंचे राम अचल राजभर ने कहा कि वर्तमान में सामाजिक न्याय बहुत ही ज्वलंत मुद्दा है। जिस तरीके से सत्ताधारी दल सामाजिक न्याय का हनन कर रहा है, उसे देखते हुए सभी राजनीतिक दलों को एक हो जाना चाहिए।

## बिहार: जेडीयू की नई प्रदेश कमेटी में 115 पदाधिकारी

**पटना**। नीतीश कुमार की अध्यक्षता वाली जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) में बड़े बदलाव किए गए हैं। पुरानी प्रदेश कमेटी को भंग करत हुई नई राज्य कमेटी का गठन हुआ है। जिसमें 115 पदाधिकारी बनाए गए हैं। साथ ही राजनीतिक सलाहकार समिति को तत्काल प्रभाव ने भंग कर दिया गया है। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने नए पदाधिकारियों को बधाई दी है। जेडीयू की नई प्रदेश कमेटी में 10 उपाध्यक्ष, 49 प्रदेश महासचिव, 46 प्रदेश सचिव, एक कोषाध्यक्ष और 9 प्रवक्ता बनाए गए हैं 2023 में बनाई गई राज्य कमेटी में 251 पदाधिकारी थे। जिसे अब घटाकर 115 कर दिया गया है। प्रदेश उपाध्यक्षों की नई सूची में एमएलसी रविंद्र प्रसाद सिंह, पूर्व मंत्री मुनेश्वर चौधरी, अजीत चौधरी, पूर्व सांसद महाबली सिंह, पूर्व एमएलसी हारूण रशीद, एमएलसी संजय सिंह, प्रमिला कुमार प्रजापति, अमर कुमार अग्रवाल, वैद्यनाथ सिंह विकल और कलाधर मंडल का नाम शामिल है।

**नक्सल प्रभावित राज्यों की अंतरराज्यीय समीक्षा बैठक**

# नक्सलियों से लड़ाई आखिरी चरण में, अब अंतिम प्रहार का वक्त : शाह

- देश 2026 तक नक्सल समस्या से हो जाएगा मुक्त

**एजेंसी** | रायपुर

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि नक्सलियों के खिलाफ लड़ाई आखिरी चरण में है और यदि वे अपना रास्ता नहीं बदलते हैं तो अंतिम प्रहार होगा और हम देश को मार्च 2026 तक नक्सल समस्या से मुक्त कर लेंगे। शाह ने छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में नक्सल प्रभावित राज्यों की अंतरराज्यीय समीक्षा बैठक के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह बात कही। शाह ने समन्वय समिति की बैठक को भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद के खिलाफ निर्मम रणनीति के साथ अंतिम प्रहार करने का वक्त आ गया है। हमारा मानना है कि वामपंथी उग्रवाद देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। पिछले चालीस सालों में करीब 17 हजार लोगों की जान गई है। जब से केंद्र में मोदी सरकार बनी इस समस्या को एक चुनौती के रूप में स्वीकार किया।




### जिनके हाथ में हथियार हैं, उनके हथियार छुड़ाने हैं

शाह ने कहा, जिनके हाथ में हथियार है उनके हाथ से हथियार छुड़ाना और जो नहीं छोड़ रहे हैं उन्हें इंगेज करने की दिशा में काम किया गया। इसके साथ ही वामपंथ उग्रवाद से प्रभावित क्षेत्र का विकास करना भी हमारी प्राथमिकता रही है। साल 2022 में चार दशकों में मृत्यु का प्रतिशत सबसे कम रहा। हमने दो उद्देश्यों को लेकर काम किया। पहला नक्सल क्षेत्रों में कानून का शासन स्थापित करना और दूसरा इन इलाकों को विकसित करना।

### ये राज्य नक्सल से लगभग मुक्त

शाह ने आगे कहा, बिहार, झारखंड, ओडिशा, मध्य प्रदेश और कुछ हद तक महाराष्ट्र नक्सल समस्या से मुक्त हुआ है। वर्ष 2004 से 2014 तक 16 हजार घटनाएं हुई थीं और 2014 के बाद से अब तक करीब सात हजार घटनाएं हुई हैं। करीब 53 प्रतिशत की कमी आई है। उन्होंने कहा, 'वामपंथी उग्रवाद की वजह से लोग निरक्षर रह गए हैं उन्हें साक्षर बनाने राज्य सरकार और केंद्र सरकार पहल करेगी।

### योजनाओं का 100% क्रियान्वयन

शाह ने कहा कि छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित जिलों में केंद्र और राज्य सरकार की सभी योजनाओं का 100 प्रतिशत क्रियान्वयन हो रहा है। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में इंफ्रास्ट्रक्चर के जो प्रोजेक्ट हैं उनकी प्रगति और प्रगति के रास्ते में जो बाधाएं आ रही हैं, उसे दूर करने के लिए यह बैठक थी। बैठक रविवार को भी होगी।

### विकास कार्यों की समीक्षा

शाह ने कहा कि बैठक में वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित जिलों में कल्याण और विकास की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने की दिशा में प्रगति और अवसंरचना विकास के कार्यों की समीक्षा भी की गई।

### ये शामिल हुए बैठक में

समीक्षा बैठक में छत्तीसगढ़ और उसके पड़ोसी राज्यों के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक स्तर के अधिकारियों के अलावा छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय और केन्द्र तथा राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल थे।

### नक्सलियों से हथियार डालने की अपील

नक्सलियों ने शांति वार्ता पर उन्होंने ने अपील करते हुए कहा कि नक्सली आत्मसमर्पण करें, हथियार छोड़े हम उनकी चिंता करेंगे। शाह ने कहा, 'मैं नक्सलियों से हिंसा छोड़कर आत्मसमर्पण करने की अपील करता हूं।

**MUDA मामले में आलाकमान के सामने रखा पक्ष**

## सिद्धारमैया को मिला आलाकमान का साथ

**एजेंसी** | बेंगलुरु/ नई दिल्ली

मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) से जुड़े कथित घोटाले विवादों में घिरे सीएम सिद्धरमैया कांग्रेस आलाकमान का साथ मिला है। सिद्धारमैया ने शनिवार को बताया कि उन्होंने कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व को राज्य के सियासी घटनाक्रम और राज्यपाल की ओर से उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मंजूरी के बारे में विस्तार से बताया। राज्यपाल के इस कदम को उन्होंने संविधान के खिलाफ और अवैध करार दिया। सिद्धारमैया ने शुक्रवार को कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात की थी। कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से हुई मुलाकात में सिद्धारमैया, उप मुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार और कई वरिष्ठ मंत्री मौजूद थे। इस बैठक के बाद कर्नाटक के प्रभारी महासचिव रणदीप सुरजेवाला ने कांग्रेस ने इस पूरे सियासी घटनाक्रम को कर्नाटक की चुनी हुई सरकार को अस्थिर करने की कुत्सित राजनीति करार देते हुए कहा कि सीएम सिद्दारमैया के खिलाफ केंद्र सरकार द्वारा छेड़ी लड़ाई में कांग्रेस पूरी मुस्तैदी से उनके साथ खड़ी है। सिद्धारमैया ने पत्रकारों से कहा, हम दिल्ली अपनी पहल पर गए थे। डी.के. शिवकुमार और मैंने कांग्रेस आलाकमान को राज्य की राजनीतिक घटनाओं, खासतौर से मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण(एमयूडीए) मामले को लेकर विपक्ष की बेंगलुरु से मैसूरु की पदयात्रा के बारे में बताया । हमने यह भी बताया कि हमने इस यात्रा का राजनीतिक तरीके से कैसे सामना किया। उन्होंने कहा कि मंत्रिमंडल में राज्यपाल की ओर से कुछ विधेयकों को सरकार को वापस भेजे जाने के मुद्दे पर चर्चा की जाएगी और फिर आगे की कार्रवाई पर फैसला लिया जाएगा।



### राष्ट्रपति से शिकायत का विकल्प खुला

उन्होंने कहा, हमने उन्हें (शीर्ष नेतृत्व) सरकार की स्पष्ट स्थिति के बारे में बताया कि मुख्यमंत्री के खिलाफ मुकदमा चलाने को राज्यपाल की मंजूरी संविधान के खिलाफ और अवैध है। उन्होंने इसे अदालत में चुनौती देने की बात कही। हमने यह भी बताया कि मंत्रिमंडल और विधायिका ने इस फैसले की निंदा की है। हमने राज्यपाल के फैसले को कर्नाटक हाईकोर्ट में चुनौती दी है। उनसे जब राज्यपाल के खिलाफ राष्ट्रपति से शिकायत करने के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा, अभी नहीं.. लेकिन सभी विकल्प खुले हैं।

**असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा...**

## कपड़ा उद्योग में काम की तलाश में घुसपैठ कर रहे बांग्लादेशी मुस्लिम

**एजेंसी** | दिसपुर

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने शनिवार को दावा किया कि पड़ोसी बांग्लादेश में व्याप्त अस्थिरता के बावजूद वहां के हिंदुओं ने भारत में प्रवेश करने की कोशिश नहीं की है। सरमा ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हिंदू बांग्लादेश में रह रहे हैं और लड़ रहे हैं। पिछले एक महीने में, एक भी हिंदू को भारत में प्रवेश करने की कोशिश करते नहीं पकड़ा गया है। उन्होंने यह भी कहा कि पड़ोसी देश के मुसलमान भारत के कपड़ा क्षेत्र में रोजगार तलाशने के लिए घुसपैठ करने का प्रयास कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने दावा किया, पिछले एक महीने में 35 मुस्लिम घुसपैठियों को गिरफ्तार किया गया है। जो लोग आ रहे हैं वे असम के लिए नहीं, बल्कि कपड़ा उद्योग में काम करने के लिए बेंगलुरु, तमिलनाडु, कोयंबटूर जाने के लिए आ रहे हैं। उन्होंने कहा, हमने अपने प्रधानमंत्री से बांग्लादेश सरकार पर हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए दबाव बनाने का अनुरोध किया है।



गौरतलब है कि इस महीने की शुरुआत में शेख हसीना के नेतृत्व वाली सरकार को अपदस्थ किये जाने के बाद बांग्लादेश में हिंदू, बौद्ध और ईसाई समुदायों के सदस्यों के खिलाफ हिंसा की कई घटनाएं हुई थीं। 'बांग्लादेश नेशनल हिंदू ग्रैंड अलायंस' ने कहा कि हसीना के नेतृत्व वाली सरकार को अपदस्थ किए जाने के बाद से अल्पसंख्यक लोगों पर 48 जिलों में 278 स्थानों पर हमले हुए हैं।

**भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक आज**

## J&K: 24 प्रत्याशियों के नामों को मंजूरी संभव

**एजेंसी** | नई दिल्ली

जम्मू कश्मीर और हरियाणा में होने जा रहे विधानसभा चुनाव के मद्देनजर उम्मीदवारों के नाम पर चर्चा करने के लिए भाजपा में विचार-मंथन और बैठकों का दौर लगातार जारी है। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की अध्यक्षता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में रविवार को दिल्ली में भाजपा के केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक होगी। इस बैठक में जम्मू कश्मीर के लगभग 24 उम्मीदवारों के नाम पर अंतिम मुहर लगाई जा सकती है। बैठक में हरियाणा के उम्मीदवारों के नाम पर भी सीट वार चर्चा की जा सकती है, हालांकि इसको लेकर स्थिति अभी तक स्पष्ट नहीं है।

केंद्रीय मंत्री एवं जम्मू कश्मीर के चुनाव प्रभारी जी. किशन रेड्डी ने पार्टी के केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि रविवार को होने वाली बैठक में जम्मू कश्मीर में पहले चरण के तहत मतदान वाली सीटों पर उम्मीदवारों के नाम तय किए जाएंगे। ज्ञात रहे कि जम्मू कश्मीर में तीन चरणों में विधानसभा चुनाव होने हैं। राज्य में पहले चरण के मतदान के तहत 18 सितंबर को 24 सीटों पर चुनाव होना है।



### J&K में कोई गठबंधन नहीं, अकेले लड़ेगी भाजपा

जम्मू कश्मीर में गठबंधन को लेकर पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए रेड्डी ने दावा किया कि किसी से कोई बात नहीं हो रही है। भाजपा जम्मू कश्मीर में अकेले चुनाव लड़ेगी। पार्टी जम्मू कश्मीर में जितनी सीटों पर लड़ने का फैसला करेगी, हम उतनी सीटों पर पूरी मजबूती और जी-जान के साथ चुनाव लड़ेंगे। जम्मू कश्मीर में महबूबा मुफ्ती की पार्टी पीडीपी के साथ पहले गठबंधन सरकार चला चुकी भाजपा इस बार चुनाव से पहले या चुनाव के बाद भी पीडीपी के साथ गठबंधन के सवाल को पूरी तरह से नकार रही है। पत्रकारों द्वारा पीडीपी से गठबंधन को लेकर बार-बार पूछे गए सवालों के जवाब में रेड्डी ने कहा कि यह अनुच्छेद 370 हटाने से पहले की बात थी। अब माहौल पूरी तरह से बदल गया है। भविष्य में अब पीडीपी को साथ लेने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

**हरियाणा की चुनावी चिट्ठी**

# हां, मैं सीएम पद की दौड़ में, पर फैसला पार्टी हाईकामन करेगी: कुमारी शैलजा

**एजेंसी** | चंडीगढ़

हरियाणा में विधानसभा चुनावों की घोषणा के बाद से राज्य में सियासी पारा लगातार चढ़ रहा है। जननायक जनता पार्टी सियासी बिखराव के संकट से जूझ रही है, वहीं कांग्रेस में मुख्यमंत्री पद की दावेदारी को लेकर खींचतान बढ़ने की संभावना है क्योंकि पार्टी की वरिष्ठ कुमारी शैलजा ने कांग्रेस को बहुमत मिलने पर मुख्यमंत्री पद पर अपनी दावेदारी पेश कर रही है। वहीं , पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा भी मुख्यमंत्री पद के लिए प्रबल दावेदार हैं। इस समय वह पार्टी के चुनाव प्रचार अभियान में जुटे हैं। दोनों नेताओं को कांग्रेस के परस्पर प्रतिद्वंद्वी खेमों से माना जाता है। कुमारी शैलता राज्य में पार्टी का प्रमुख दलित चेहरा हैं, वहीं हुड्डा प्रभावशाली जाट समुदाय से हैं। दूसरी ओर सत्तारूढ़ भाजपा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में चुनाव मैदान में है। इसलिए पार्टी के सामने फिलहाल सीएम फेस को लेकर कोई संकट नहीं है। फिलहाल भारतीय जनता पार्टी को मतदान की तिथि के आसपास पड़ रही कई छुट्टियों के कारण वोट कम पड़ने का डर सता रहा है और पार्टी ने चुनाव आयोग से मतदान की तिथि में बदलाव करने का आग्रह किया है।

मीडिया रिपोर्टों के अनुसार कुमारी शैलजा हालांकि हाल में लोकसभा चुनाव में हिसार से निर्वाचित हुई थी लेकिन वह विधानसभा चुनाव लड़ना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि वह राज्य में काम करना चाहती हैं, लेकिन इस मामले पर अंतिम फैसला हाईकमान करेगा। कुमारी शैलजा ने एक समाचार एजेंसी के साथ बातचीत के दौरान यह पूछे जाने पर कि कांग्रेस के बहुमत मिलने की स्थिति में क्या वह मुख्यमंत्री पद की दौड़ में हैं, इस सवाल पर शैलजा ने कहा, व्यक्तिगत और समुदाय के हिसाब से लोगों की अपनी महत्वाकांक्षाएं होती हैं। क्यों नहीं? हरियाणा के भावी मुख्यमंत्री के तौर पर देखे जाने पर उन्होंने कहा, यह मेरी पार्टी और हाईकमान को तय करना है।



### अब मैं राज्य में काम करना चाहती हूं

उन्होंने कहा, मैंने केंद्र में बहुत राजनीति की है। अब मैं राज्य स्तर पर काम करना चाहती हूं। लोगों के काम राज्य से ज्यादा जुड़े होते हैं। इसलिए मैं राज्य में काम करना चाहती हूं। बाकी हाईकमान को आखिरकार फैसला करना है। लेकिन हां, मैं निश्चित रूप से ऐसा चाहती हूं। वह कहती हैं, निश्चित रूप से, राज्य में मेरी भूमिका है। मैं इस बारे में कोई संकोच नहीं करती। कांग्रेस के चुनाव से पहले मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित करने की संभावना के बार में शैलजा का कहना है पार्टी के काम करने के कुछ तरीके हैं। उन्होंने कहा, जब आप सरकार में होते हैं तो जाहिर है कि जो व्यक्ति सीएम रह चुका होता है वही पार्टी का नेतृत्व करता है। लेकिन जब आप विपक्ष में होते हैं, तो पार्टी शायद ही कभी मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार पेश करती है।

### भाजपा ने चुनाव आयोग को लिखा पत्र

#### ... आगे बढ़ाई जाए मतदान की तिथि

वहीं, भारतीय जनता पार्टी ने 1 अक्टूबर को मतदान से पहले और बाद में कई छुट्टियों के चलते चुनाव आयोग से मतदान की तिथि बदलने की मांग की है। पार्टी ने चुनाव आयोग को लिखे एक पत्र में लंबी छुट्टियों (लॉन्ग वीकेंड) का हवाला देते हुए कहा कि इससे मतदान कम होने की आशंका है। इसलिए पार्टी ने विधानसभा चुनाव कुछ समय के लिए टालने का अनुरोध किया है। शनिवार को प्रदेश भाजपा के एक नेता ने कहा कि पार्टी की राज्य इकाई के प्रमुख ने आयोग को पत्र भेजा है। हरियाणा के मुख्य चुनाव अधिकारी पंकज अग्रवाल ने कहा कि आयोग को शुक्रवार को ई-मेल के माध्यम से भाजपा के एक पत्र की प्रति प्राप्त हुई है और हमने इसे निर्वाचन आयोग को भेज दिया है। भाजपा की राज्य चुनाव प्रबंधन समिति के सदस्य वरिंदर गर्ग ने कहा, हमने तर्क दिया है कि एक अक्टूबर को विधानसभा चुनाव की तारीख से पहले सप्ताहांत पर छुट्टी है और उसके बाद कुछ छुट्टियां हैं, जिससे मतदान प्रतिशत प्रभावित हो सकता है क्योंकि लोग लंबे सप्ताहांत पर छुट्टी पर चले जाते हैं।

## जरूरी खबर

### J&K: सोपोर में मुठभेड़, एक आतंकी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के सोपोर इलाके में आतंकियों और सुरक्षा बलों के बीच शनिवार को मुठभेड़ हुई। इसमें एक आतंकवादी मारा गया और सेना का एक जवान घायल हो गया। चिनार कोर की ओर से शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट में यह जानकारी दी गई। इसमें बताया गया कि वाटरगाम में आतंकवादियों ने अचानक गोलीबारी कर दी। हमारे सतर्क सैनिकों ने तुरंत जवाबी कार्रवाई की। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, इलाके को तुरंत घेर लिया गया और तलाशी शुरू की गई। बाद में तलाशी के दौरान हथियार गोला बारूद के साथ आतंकवादी का शव बरामद किया गया। आतंकवादी की पहचान की जा रही है। आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में एक जवान भी घायल हो गया जिसे तुरंत अस्पताल में ले जाया गया। पुलिस अधिकारी ने कहा कि यह अभियान समाप्त हो गया है।

### नागार्जुन के कन्वेंशन सेंटर पर चला बुलडोजर



**हैदराबाद।** साउथ फिल्मों के सुपरस्टार नागार्जुन के हैदराबाद स्थित कन्वेंशन सेंटर पर शनिवार को बुलडोजर की कार्रवाई हुई। नागार्जुन पर आरोप है कि उन्होंने इस सेंटर का अवैध निर्माण झील की जमीन पर कराया था। इसलिए हैदराबाद आपदा राहत और संपत्ति संरक्षण एजेंसी (हाइड्रा) की टीम ने शनिवार सुबह एक्टर के कन्वेंशन सेंटर को ढहा दिया। नागार्जुन ने इस कार्रवाई पर अफसोस जाहिर किया है। रिपोर्ट के मुताबिक, नागार्जुन ने सेंटर रंगारेड्डी जिले के शिल्परामम के पास माधापुर में एक हाईटेक सिटी के पास यह कन्वेंशन सेंटर बनाया था। कनवेंशन सेंटर 6.69 एकड़ में बना हुआ था।

### यौन उत्पीड़न के खिलाफ प्रदर्शन, शरद पवार शामिल

**मुंबई।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले बदलापुर में एक नामी स्कूल में दो बच्चियों के साथ हुई यौन उत्पीड़न की घटना के विरोध में शनिवार को विपक्षी गठबंधन एमवीए की ओर से प्रदर्शन किया गया। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) प्रमुख शरद पवार और बारामती की सांसद सुप्रिया सुले ने पुणे रेलवे स्टेशन पर डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की प्रतिमा के सामने एक घंटे के मौन प्रदर्शन का नेतृत्व किया। इस प्रदर्शन के माध्यम से दोनों नेताओं ने महाराष्ट्र में महिला सुरक्षा के प्रति सरकार की उदासीनता के खिलाफ मुंह पर काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन किया।

## राजनाथ सिंह ने अमेरिकी रक्षा कंपनियों के प्रमुखों की मंत्रणा



**वाशिंगटन।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को वाशिंगटन में अमेरिका-इंडिया स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप फोरम की ओर से आयोजित उद्योग गोलमेज सम्मेलन में अमेरिकी रक्षा कंपनियों के वरिष्ठ नेतृत्व के साथ बातचीत की। उन्होंने भारत में रक्षा क्षेत्र में उभरते विभिन्न सह-विकास और सह-उत्पादन अवसरों की रूपरेखा प्रस्तुत की। राजनाथ सिंह ने इससे एक दिन पहले अमेरिका के साथ रक्षा समझौतों पर हस्ताक्षर किए थे। इसमें सिक्योरिटी ऑफ सप्लाई अरेंजमेंट' (SOSA) पर हस्ताक्षर शामिल हैं। चित्र में अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन के साथ बैठक की सह-अध्यक्षता करते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह।

## प्रज्वल के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल



**बेंगलुरु।** पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना और उनके पिता एचडी रेवन्ना के खिलाफ एसआईटी ने यौन शोषण मामले में आरोप पत्र दाखिल कर दिया है। प्रज्वल के खिलाफ चार मामलों की जांच कर रही एसआईटी ने कहा कि 2,000 से अधिक पेजों के आरोप पत्र में करीब 150 गवाहों के बयान दर्ज हैं।

एक विशेष अदालत में जो आरोप पत्र दाखिल किया गया है, उसमें रेवन्ना परिवार की एक घरेलू सहायिका के कथित यौन शोषण से जुड़े आरोप भी शामिल हैं। आरोप पत्र में घटनास्थल का निरीक्षण, जैविक, भौतिक, वैज्ञानिक, मोबाइल, डिजिटल तथा अन्य प्रासंगिक साक्ष्य शामिल हैं। एसआईटी ने बताया कि आरोप पत्र दाखिल किए जाने से पहले विशेषज्ञ की राय भी ली गई है।

## कोलकाता: महिला डॉक्टर से रेप व हत्या का मामला

# पूर्व प्रिंसिपल व 4 डॉक्टरों समेत 7 लोगों का हुआ पॉलीग्राफी टेस्ट

**एजेंसी** | कोलकाता

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में महिला डॉक्टर की दुष्कर्म के बाद हत्या के मामले शनिवार को पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष समेत कुल सात लोगों का पॉलीग्राफ टेस्ट शनिवार को कराया गया। संदीप घोष के अलावा दुष्कर्म के आरोपी संजय रॉय और मेडिकल कॉलेज के चार अन्य डॉक्टर्स का भी पॉलीग्राफ टेस्ट कराया गया। साथ ही अस्पताल के एक सिविल वॉलंटियर का भी पॉलीग्राफ टेस्ट कराया गया। मुख्य आरोपी संजय रॉय का पॉलीग्राफ टेस्ट जेल में ही किया गया, जहां वो 14 दिन की न्यायिक हिरासत में है। अन्य छह लोगों का टेस्ट सीबीआई के दफ्तर में किया गया। संजय का पॉलीग्राफ टेस्ट इसलिए जरूरी था, क्योंकि वो इस केस का मुख्य आरोपी है। पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष की भूमिका इस मामले में संदिग्ध है। इस मामले में अब तक उनसे 100 घंटे से ज्यादा की पूछताछ हो चुकी है। संदीप घोष के अलावा जिन चार अन्य डॉक्टर्स का पॉलीग्राफ टेस्ट कराया गया है, उन्होंने ही मृतका के साथ घटना वाली रात भोजन किया था। पॉलीग्राफ टेस्ट के लिए विशेषज्ञों की एक टीम नई दिल्ली स्थित सेंट्रल फोरेंसिक साइंस लेबोरेट्री से कोलकाता पहुंची है।




### विरोधाभास है पूर्व प्रिंसिपल के बयानों में

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, पूछताछ के दौरान संदीप घोष के बयानों में विरोधाभास है। साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने भी अपनी सुनवाई के दौरान संदीप घोष की भूमिका को लेकर गंभीर सवाल उठाए थे। यही वजह है कि संदीप घोष सीबीआई की जांच के रडार पर हैं। सीबीआई ने अदालत में अर्जी देकर संदीप घोष, आरोपी संजय रॉय और चार अन्य डॉक्टर्स और एक सिविल वॉलंटियर का पॉलीग्राफ टेस्ट कराने की मंजूरी मांगी थी, जिसे अदालत ने मंजूर कर लिया था।

### CBI ने जांच अपने हाथ में ली, दस्तावेज जुटाए

इस बीच,केंद्रीय जांच ब्यूरो ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष के कार्यकाल के दौरान वित्तीय अनियमितताओं के मामले की जांच अपने हाथ में ले ली। यह कार्रवाई कलकत्ता हाई कोर्ट के निर्देश पर की गई। अदालत ने जांच का जिम्मा राज्य की ओर से गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) से लेकर सीबीआई को सौंप दिया था। अधिकारी ने बताया कि सीबीआई ने शनिवार को एसआईटी से आवश्यक दस्तावेज एकत्र किए और प्राथमिकी फिर से दर्ज की।

## सुप्रीम कोर्ट का अजा-जजा मामले में अहम फैसला

# जाति का जिक्र नहीं तो SC-ST एक्ट के तहत अपराध नहीं

**एजेंसी** | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एक अहम फैसले में एससी/एसटी समुदाय से आने वाले किसी भी व्यक्ति को उसकी जाति का जिक्र किए बिना अपमानित करने की घटना को एससी/एसटी (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 के कड़े प्रावधानों के तहत अपराध नहीं माना जाएगा।

जस्टिस जे बी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ ने एक ऑनलाइन मलयालम समाचार चैनल के संपादक शाजन स्कारिया को अग्रिम जमानत देते हुए यह फैसला सुनाया। स्कारिया पर एससी/एसटी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था। आरोप है कि उन्होंने एससी समुदाय से आने वाले सीपीएम विधायक पीवी श्रीनिजन को 'माफिया डॉन' कहा था। ट्रायल कोर्ट और केरल हाईकोर्ट ने उन्हें अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया था।



सुप्रीम कोर्ट ने कहा, एससी/एसटी समुदाय के किसी सदस्य का जानबूझकर किया गया अपमान या धमकी जाति-आधारित अपमान की भावना पैदा नहीं करती है। पीठ ने कहा कि अपमानित करने के इरादे को उस व्यापक संदर्भ में समझा जाना चाहिए, जिसमें हाशिए पर पड़े समूहों के अपमान की अवधारणा को विभिन्न विद्वानों ने समझा है। पीठ ने आगे कहा, यह सामान्य अपमान या धमकी नहीं है, जिसे 1989 के अधिनियम के तहत दंडनीय बनाने की मांग की जाती है।

### मिस इंडिया स्पर्धा में कोई दलित नहीं : राहुल

**प्रयागराज।** राष्ट्रव्यापी जातिगत जनगणना की मांग को लेकर दबाव बनाते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि दलित, आदिवासी या ओबीसी समुदायों से कोई भी महिला मिस इंडिया सौंदर्य प्रतियोगिता के लिए चयनित नहीं हुई।

राहुल गांधी ने कहा कि उन्होंने मिस इंडिया की सूची देखी लेकिन उसमें दलित, आदिवासी या ओबीसी की कोई महिला नहीं थी। राहुल गांधी ने यहां संविधान सम्मान सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, 90 प्रतिशत लोग व्यवस्था के बाहर बैठे हैं।

## पेंशन के बहाने चुनावों पर नजर

# विपक्ष की OPS की मांग की काट है यूपीएस!



**एजेंसी** | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने यूपीएस लाकर लंबे समय से विपक्ष की ओर से की जा रही ओपीएस की मांग को खारिज करने की कोशिश की है। केंद्र सरकार यह योजना ऐसे समय में लाई है कि जब देश के दो राज्यों हरियाणा और जम्मू कश्मीर में चुनावों की घोषणा कर चुकी है। जल्द ही महाराष्ट्र और झारखंड में भी चुनाव होने हैं। माना जा रहा है कि यूपीएस लाकर केंद्र सरकार ने नाराज मध्यम वर्ग को एक राहत देने की कोशिश की है। जिसका फायदा वह इन चुनावों में देख रही है। अभी चार राज्यों के विधानसभा से पहले केंद्र सरकार का यह फैसला इसी दिशा में कोर्स करेक्शन माना जा रहा है। हालांकि केंद्र सरकार ने कहा कि इस योजना को लागू करने के लिए चुनाव आयोग की अनुमति की जरूरत नहीं है।

### कांग्रेस का था बड़ा चुनावी दांव

लोकसभा चुनाव से पहले हिमाचल प्रदेश, मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना में विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस ने पुरानी पेंशन योजना को लागू करने की बात कही थी। राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस ने राज्य कर्मचारियों के लिए पुराने पेंशन को लागू भी किया था।

### योजना के अहम बिंदु

- 25 साल या उससे ज्यादा समय तक नौकरी करने वालों को पूरा लाभ मिलेगा।
- पेंशन तय करने के लिए रिटायरमेंट के वक्त पिछले 12 महीनों में ली गई सेलरी के बेसिक हिस्से का औसत निकालकर पेंशन तय होगी। मौटे तौर पर यह बेसिक का 50 फीसदी पेंशन के तौर पर मिलेगा।
- नौकरी में रहते हुए अगर कर्मचारी का निधन होता है तो उसके परिवार या साथी को फैमिली पेंशन का 60फीसदी मिलेगा। फिलहाल यह 50 फीसदी है। फैमिली पेंशन आधी मिलती है।
- पेंशन पाने के लिए कम से कम दस साल की सेवा अनिवार्य रहेगी। न्यूनतम 10 साल की नौकरी के बाद रिटायर होने पर 10,000 रुपए प्रति माह सुनिश्चित न्यूनतम पेंशन।
- कर्मचारियों को एनपीएस और यूपीएस दोनों में एक चुनने का विकल्प होगा। जो पहले से एनपीएस चुन चुके हैं, उन्हें भी इसका लाभ मिलेगा। एनपीएस वालों को यूपीएस में जाने से फायदा होगा।
- इसके लिए कर्मचारियों को अलग से अंशदान नहीं करना होगा। इसका हिस्सा केंद्र सरकार उठाएगी, जो लगभग 18 फीसदी रहेगा। जबकि कर्मचारी का योगदान एनपीएस की ही तरह इसमें भी दस फीसदी रहेगा।
- योजना में महंगाई इंडेक्सेशन का लाभ मिलेगा।
- रिटायरमेंट पर ग्रेच्युटी के साथ-साथ हर छह महीने की सेवा के बदले मासिक वेतन (वेतन+डीए) का दसवां हिस्सा जुड़ कर मिलेगा।

## भारत की अंतरिक्ष में एक और छलांग

# देश के पहले हाइब्रिड रॉकेट का सफल प्रक्षेपण

**एजेंसी** | चेन्नई

भारत ने शनिवार को शनिवार को अपना पहला रियूजेबल हाइब्रिड रॉकेट मिशन रूमी RHU-MI-1 (आरएचयूएमआई- 1) सफलतापूर्वक लॉन्च किया। इसे तमिलनाडु स्थित स्टार्टअप स्पेस 1जोन इंडिया ने मार्टिन ग्रुप के साथ मिलकर चेन्नई के थिरुविदंदई से प्रक्षेपित किया। इसमें प्रयुक्त रॉकेट रियूजबल है यानी इसे पुनः प्रयोग में लिया जा सकता है। आरएचयूएमआई रॉकेट एक जेनेरिक-ईंधन-आधारित हाइब्रिड मोटर युक्त है। इसमें विद्युत चालित पैराशूट का इस्तेमाल किया गया है। इस पर ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन को लेकर शोध करने के लिए मोबाइल प्लेटफॉर्म लगाया गया है। स्पेस जोन इंडिया पिछले 2 बरसों से मिशन आरएचयूएमआई के तहत विभिन्न प्रोजेक्ट्स को संचालित कर रहा है।




### सबआर्बिटल ट्रेजेक्टरी किया गया लॉन्च

तीन क्यूब उपग्रहों और 50 पिको उपग्रहों को ले जाने वाले इस रॉकेट को चेन्नई के पास ईस्ट कोस्ट रोड पर तिरुविदंतई से एक मोबाइल लांचर का उपयोग कर एक सबआर्बिटल ट्रेजेक्टरी में प्रक्षेपित किया गया था। इसके साथ भेजे गए उपग्रह को ब्रह्मांडीय विकिरण तीव्रता, यूवी विकिरण, वायु गुणवत्ता सहित वायुमंडलीय स्थितियों पर डाटा की निगरानी और संग्रह करने के लिए डिजाइन किया गया है।

### 3.5 मीटर ऊंचा रॉकेट

स्पेस जोन इंडिया के संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी आनंद मेगालिंगम ने कहा कि यह 3.5 मीटर ऊंचा रॉकेट है। इसे 7.25 बजे प्रक्षेपित किया गया। उन्होंने कहा कि इसे वापस लाने के लिए टीम लगी हुई है, क्योंकि यह दोबारा इस्तेमाल होने वाला रॉकेट है। उन्होंने मिशन रूमी को हाइब्रिड रॉकेट की दुनिया का पहला मोबाइल प्रक्षेपण बताया। दक्षता में सुधार और परिचालन लागत को कम करने के लिए राकेट तरल और ठोस दोनों ईंधन प्रणोदक प्रणालियों का इस्तेमाल करता है। आनंद मेगालिंगम ने बताया, '89 डिग्री झुकाव की तुलना में हमने भारी हवा और झोंकों के कारण रॉकेट को 70 डिग्री झुकाव के साथ प्रक्षेपित किया था। मिउन्होंने बताया कि आरएचयूएमआई का नाम उनके बेटे रूमिथरन के नाम पर रखा गया है। भविष्य के लिहाज से इस प्रोजेक्ट को काफी अहम माना जा रहा है। मिशन आरएचयूएमआई को हाइब्रिड रॉकेट की दुनिया का पहला सचल प्रक्षेपण बताया गया है।

## विकसित भारत के लिए है जरूरी

# वर्क फोर्स से जोड़नी होंगी 40 करोड़ महिलाएं

**एजेंसी** | नई दिल्ली

सरकार ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा है। द नज इंस्टीट्यूट की एक रिपोर्ट के अनुसार, इस लक्ष्य को हासिल करने और भारतीय अर्थव्यवस्था में 14 लाख करोड़ रुपए का योगदान देने के लिए श्रमबल में 40 करोड़ अतिरिक्त महिलाएं जोड़नी होंगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2047 तक वर्तमान महिला श्रम बल भागीदारी दर 37 प्रतिशत को लगभग दोगुना बढ़ाकर 70 प्रतिशत करने की जरूरत होगी। पिछले कुछ वर्षों के आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण पर आधारित इस रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत ने 2047 तक 30 लाख करोड़ रुपये की इकोनॉमी बनने का लक्ष्य रखा है। रिपोर्ट में अनुमान जताया गया है कि 2047 तक केवल 11 करोड़ महिलाएं श्रमबल में होंगी। ऐसे में इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए महिला श्रम बल भागीदारी में पर्याप्त बढ़ोतरी की आवश्यकता है। इस रिपोर्ट में पुरुषों और महिलाओं के बीच नौकरी की सुरक्षा व सुधार के मामले में भारी असमानता की जानकारी दी गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि महिलाओं के नौकरी खोने की संभावना सात गुना अधिक पाई गई और नौकरी छूटने के बाद भी ठीक न होने की संभावना ग्यारह गुना अधिक पाई गई। रिपोर्ट के अनुसार, 2019 में कार्यरत लगभग आधी महिलाएं 2020 तक श्रमबल से बाहर हो चुकी थीं।

**फोटो एग्जीबिशन: 'नजर' में फोटोग्राफी को लेकर संवाद, विशेषज्ञों ने बताई बारीकियां**

# विंटेज कैमरा और CM की तस्वीरों ने युवाओं के मन में जगाया कौतूहल

बेधड़क.जयपुर। जनप्रतिनिधियों, साधु-संतों और युवाओं ने देश-दुनिया में क्लिक हुई जीवंत तस्वीरों को करीब से जाना और प्राचीन भारत के कैमरे के सामने बैठकर फोटो क्लिक कराई तो मानो फोटोज भी बोल उठी हों। नजारा था जवाहर कला केन्द्र और राजस्थान फोटो फेस्टिवल की सहभागिता में आयोजित इंटरनेशनल नजर फोटो एग्जीबिशन का, जिसमें संवाद भी आयोजित किया गया।





### 600 से अधिक फोटो का कलेक्शन

गुड़गांव से नेहल बाफना ने जन्माष्टमी पर राधा कृष्ण लीला को तस्वीर से दर्शाया। एग्जीबिशन में प्रदर्शित 600 से अधिक फोटो का कलेक्शन ऐतिहासिक है। गौरतलब है एग्जीबिशन में देश और विदेश से प्रतिभागियों ने अपने-अपने क्षेत्र के इतिहास, जीवन और प्राकृतिक सौंदर्य को तस्वीरों से दर्शाया है।

### वरिष्ठ फोटोग्राफर्स का सम्मान

एग्जीबिशन में 1890 के दौरे के विंटेज कैमरे और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की तस्वीरें लोगों का ध्यान आकर्षित कर रही हैं। इस दौरान विजिटर्स विंटेज कैमेरे और अपनी पसंसदीदा तस्वीरों के साथ सेल्फी लेते नजर आए। विधायक गोपाल शर्मा ने एग्जीबिशन में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने वरिष्ठ फोटोग्राफर्स हरिकृष्ण, डॉ. नरेश पूरी, भगवान दास रुपाणी, फोटो जर्नलिस्ट्स अजय सोलोमन और सुरेंद्र जैन पारस का सम्मान किया। अतिथियों में आईएएस नवीन जैन, आर्टिस्ट विनय शर्मा, डौली अग्रवाल, गुणवंत गुप्ता, वाय के नरूला, सत्येन्द्र सिंह, राम यादव मौजूद रहे।



### साहित्यिक पहलुओं पर हुई चर्चा

एग्जीबिशन की संरक्षक रेणुका कुमावत ने एग्जीबिशन के तहत जेकेके की ओर से संवाद प्रवाह का आयोजन किया। कार्यक्रम में फोटोग्राफी के विभिन्न साहित्यिक पहलुओं पर प्रकाश डाला गया। फोटोग्राफर उमेश गोगना ने बच्चों को फोटोग्राफी और कैमरे की बारीकियों के बारे में समझाया। सत्र के दौरान बच्चों ने रोचक सवाल पूछे। सौम्या अग्रवाल, अदिति जैन, अपूर्वा चौधरी ने अतिथियों सम्मान किया। मुंडावर विधायक ललित यादव ने बच्चों के साथ फोटोग्राफी पर संवाद किया।

## अनुशासन के लिए अंपायर और रेफरी की भूमिका पर हुई चर्चा



बेधड़क. जयपुर। जयपुर में 22 अगस्त से चल रहे टेनिस बाल क्रिकेट रेफरी क्लिनिक का समापन समारोह आयोजित किया गया। समारोह में राजस्थान टेनिस बॉल क्रिकेट संघ चेयरमैन और संरक्षक राजीव अरोड़ा मुख्य अतिथि रहे। अरोड़ा ने प्रशिक्षु अभ्यार्थी को संबोधित करते हुए खेल में अनुशासन और सुगम संचालन में अंपायर और रेफरी की भूमिका व महत्व की पराकाष्ठा पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि टेनिस बॉल क्रिकेट के नियम सामान्य क्रिकेट से थोड़े भिन्न हैं, जिनमें बारीकियों को समझाने और खेल को सुगम संचालन के लिए क्लिनिक का भविष्य में महत्वपूर्ण योगदान रहेगा और क्लिनिक से प्रशिक्षित अंपायर और रेफरी खेल में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। समापन कार्यक्रम में राज्य संघ के अध्यक्ष व सचिव ने जिला संघ के डेप्युटी अध्यक्ष नितिन शारदा भगेरिया, उपाध्यक्ष अनिल गोयल, संयोजक मंजूर बेग को सफल आयोजन के लिए मोटिवेट किया।

## डोमेस्टिक ट्रैवल मार्ट 13 से

बेधड़क. जयपुर। राजस्थान में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चौथे राजस्थान डोमेस्टिक ट्रैवल मार्ट का आयोजन 13 से 15 सितंबर तक किया जाएगा। मार्ट न केवल घरेलू पर्यटन को प्रोत्साहन देगा, बल्कि राजस्थान की सांस्कृतिक धरोहर, इतिहास और प्राकृतिक सौंदर्य को प्रदर्शित करने का मंच होगा। आरडीटीएम की थीम वेडिंग, इन्सेंटिव, कांफ्रेंस और इवेंट रखी गई है। एफएचटीआर प्रेसिडेंट कुलदीप सिंह चंदेला ने बताया कि आरडीटीएम से राज्य को नई दिशा दिलाने व नए विकास की ओर बढ़ाने का प्रयास है। मार्ट में विभिन्न क्षेत्रों के सदस्य हिस्सा लेंगे और देश भर के टूर ऑपरेटर्स के लिए मार्ट बेहतरीन एक्सपीरियंस होगा। इससे राजस्थान के होटेलियर्स व टूर ऑपरेटर्स के बीच बिजनेस का आदान-प्रदान होगा, जिससे प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

## 'फिट इंडिया' रैली आज

बेधड़क. जयपुर। फिट इंडिया अभियान के तहत मारवाड़ी युवा मंच संगठन की सभी 851 शाखाओं की ओर से रविवार सुबह 6 बजे साइकिल रैली का आयोजन किया जाएगा। मारवाड़ी युवा मंच, जयपुर कैपिटल व मूमल के संयुक्त तत्वावधान में महावीर स्कूल सी-स्कीम में रैली होगी। इस मौके पर हर उम्र के लोग साइक्लिंग करते हुए हेल्दी लाइफ स्टाइल का मैसेज देंगे।

# City इवेंट्स

## महिलाओं ने किया विधान पूजन



बेधड़क. जयपुर। जनकपुरी-ज्योति नगर जैन मंदिर में महिलाओं ने चंदन षष्टि के व्रत पर श्रीजी का अभिषेक, शांतिधारा और विधान पूजन किया गया। भाद्रपद कृष्णा छठ को महिलाओं द्वारा अज्ञान कृत्य से हुए कर्म बन्ध के निवारण के लिए व्रत रखा। मंदिर में चन्द्र प्रभु के अष्ट द्रव्य के साथ अर्घ समर्पित करते हुए व्रत वाली महिलाओं द्वारा अर्चना की गई। इसके पूर्व चतुष्कोण में मंगल कलश स्थापित कर विधि पूर्वक विधान संपन्न किया गया। अंत में चंदन षष्टि के माहात्म्य की कथा वाचन की गई।

## कृष्ण जन्मोत्सव श्रृंगार दर्शन आज

बेधड़क. जयपुर। लोहागढ़ विकास परिषद के जन्माष्टमी कार्यक्रम में भारतीय कला संस्थान डीग के लोक कलाकार रविवार को प्रस्तुतियां देंगे। कार्यक्रम संयोजक गोपाल गुप्ता ने बताया कि ब्रज कला संस्कृति को मुखरित करने के लिए दुर्गापुरा स्थित राज्य कृषि प्रबंधन संस्थान सभागार में संस्थान निदेशक अशोक शर्मा की अगुवाई में ब्रजधाम वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत होगी। महाआरती से समापन पर माखन-मिश्री के बाल भोग व पंजीरी भोग का वितरण होगा। राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दांतली जगतपुरा, आर पी एस कैंब्रियन एकेडमी जगतपुरा, उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर मालवीय नगर व पोद्दार इंटरनेशनल कॉलेज के स्टूडेंट्स कृष्ण जीवन के घटनाक्रमों से नृत्य व संगीतमय प्रस्तुति देंगे। मंत्री जवाहर सिंह बेडम, विधायक कालीचरण सराफ, गोपाल शर्मा व राजस्थान कोऑपरेटिव डेयरी फैडरेशन लि. की प्रशासक व प्रबंध संचालक डॉ. सुषमा अरोड़ा गेस्ट के रूप में शामिल होंगे।

## उत्कृष्ट झांकियों को दिए पुरस्कार



बेधड़क. जयपुर। राजस्थान जैन युवा महासभा की नवगठित जयपुर जिला कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण व सुगन्ध दशमी पर दिगम्बर जैन मंदिरों में गत वर्ष सजाई गई झांकियों का सम्मान समारोह आदिनाथ भवन पर आयोजित किया गया। इस मौके पर नवगठित जिला कमेटी को शपथ ग्रहण के साथ झांकियों को पुरुस्कार दिए गए। महासभा प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन ने बताया कि चातुर्मास कर रहे मुनि प्रणम्य सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि नंद किशोर प्रमोद सुनील पहाड़िया थे। अध्यक्षता दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्रीमहावीरजी अध्यक्ष सुधान्शु कासलीवाल ने की। विवेक काला, सुरेश सबलावत, अशोक चांदवाड, जैन सोश्यल ग्रुप्स इन्टरनेशनल फैडरेशन मुम्बई के पूर्व अध्यक्ष राकेश जैन समारोह गौरव के रूप में शामिल हुए।

**हेरिटेज निगम ने किया यूथ फेस्टिवल का आयोजन**

# युवाओं ने बताया सुंदर और स्वच्छ जयपुर का फॉर्मूला



बेधड़क | जयपुर

नगर निगम जयपुर हेरिटेज की ओर से शनिवार को यूथ फेस्टिवल जश्न-ए-मिलाप आयोजित किया गया। प्रवाह एनजीओ के सहयोग से आयोजित यूथ फेस्टिवल में 50 से अधिक एनजीओ और प्रबुद्धजन ने भाग लिया। फेस्टिवल का मुख्य उद्देश्य जयपुर शहर के सतत विकास पर चर्चा की गई। चर्चा में लोगों ने नगर निगम हेरिटेज के साथ अपने अनुभव साझा किए, साथ ही कई सुझाव भी दिए। वहीं, इस दौरान



नगर निगम ने सामाजिक कार्यों के लिए चार यूथ लीडर्स का सम्मान भी किया। इनमें वसुंधरा प्रजापत, अभिषेक कुमार, पदमा बैरवा, छवि शर्मा का सम्मान किया गया। इस दौरान हेरिटेज निगम और अन्य सामाजिक संगठनों ने स्टॉल भी प्रदर्शित की। वहीं, निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा ने कहा कि जयपुर शहर एक हेरिटेज सिटी है, साथ ही स्मार्ट सिटी भी है। अब इसे स्थाई और सतत विकासशील शहर कैसे बनाएं, इसे लेकर यूथ और प्रबुद्ध लोगों का सुझाव जरूरी है। इसके लिए हेरिटेज निगम ने ये फेस्टिवल आयोजित किया। साथ ही शहर के विकास के लिए जो भी अच्छे सुझाव होंगे, हेरिटेज निगम उन पर अमल लाएगा।

**एण्डोक्राइन सोसायटी ऑफ राजस्थान की कॉन्फ्रेंस**

# डायबिटीज और थायराइड पर 600 डॉक्टर्स ने किया मंथन



बेधड़क | जयपुर

एण्डोक्राइन सोसायटी ऑफ राजस्थान की सैकंड राज्य स्तरीय कॉन्फ्रेंस की शुरुआत की गई। दो दिवसीय आयोजन राजस्थान इंटरनेशनल सेन्टर में में किया जा रहा है।

कॉन्सफ्रेंस में डायबिटीज, थायरॉइड व अन्य हॉर्मोन रोगों के इलाज के लिए अविष्कार की गई नई तकनीक के सम्बन्ध में देश–विदेश के 600 डॉक्टर विचार–विमर्श कर रहे हैं। कॉन्फ्रेंस में मुख्य अतिथि के रूप में शहरी विकास व आवास मंत्री झाबर सिंह खर्रा शामिल हुए। ऑर्गेनाइजिंग चेयरमैन डॉ. प्रकाश केशवानी ने बताया, कि हॉर्मोन से सम्बन्धित रोगों के बारें में लोगों में जो भ्रान्तियां हैं उनके बचाव व उपचार के सम्बन्ध में चर्चा की जा रही है। ऑर्गेनाइजिंग सेकेट्री सवाई मानसिंह चिकित्सा महाविधालय के सह आचार्य डॉ. संजय सारण ने बताया, कि मोटापा व अन्य महिला हॉर्मोन रोगों के इलाज व ग्रोथ हॉर्मोन और डायबिटीज के उपचार के लिए इंसुलिन पम्प के उपयोग के सम्बन्ध में विचार किया जाएगा।

कॉन्फ्रेंस में महिला एवं बच्चों में होने वाले हॉर्मोन रोगों के कारण एवं इलाज एवं हॉर्मोन से संबंधित रोगों की रोकथाम हेतु आमजन को जागरूक करनें के तरीकों पर अलग से सत्र आयोजित किया जाएगा। इस मौके पर दीपक माहेश्वरी प्रिंसिपल एसएमएस मेडिकल कॉलेज, डॉ अनिल भंसाली, डॉ शैलेश लोढ़ा, डॉ एसके सिंह आदि चिकित्सक मौके पर उपस्थित रहे।

**रेड फ्रॉक** | **नाटक में कलाकारों ने दिए सामाजिक मैसेज**

# जीवन में रूढ़िवादी सोच हमेशा सिर्फ पछतावा देती है

बेधड़क | जयपुर

नेट थिएटर कार्यक्रमों की कड़ी में नाटक रेड फ्रॉक का मंचन किया गया। राजेंद्र शर्मा ने बताया कि सोलो नाटक में कलाकार उज्जवल उपमन ने अभिनय से इंसान के अंतरमन में उठने वाले विचारों और सिद्धांतों को जीवंतता से दर्शाकर बताने का प्रयास किया कि कई बार इंसान की एक गलती, सिद्धांत और परंपरावादी सोच जीवन भर का पछतावा देती है। रंगकर्मी ने बचपन का लड़कपन, जवानी की जिद और बाप की मनोस्थिति को अपनी भाव भंगिमाओं और अभिनय से जीवंत कर दर्शकों पर अमिट छाप छोड़ी।



### सिद्धांतों पर डटे रहने की सीख

कहानी में दिखाया गया कि जिंदगी भर आप एक गलती से बचने का प्रयास करें और अंत में वही गलती कर बैठते हैं तो बात गंभीर हो जाती है। दर्शाया गया कि प्रकाश जाधव बचपन से ही अपने पिता के पास पैसों से भरे मिठाई के डिब्बे आते देखता है और अपनी आदत से इतना मजबूर होता है कि हर छोटी चीज पर सवाल करता है। इस आदत से पिता-मां से डांट खाता और हर बार बिगडेल या बदतमीज करार दिया जाता। उसने फैसला किया कि अपने पिता की तरह बिल्कुल नहीं बनेगा। कभी अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं करेगा और ऐसा होता भी है। वह जब पढ़ाई पूरी कर लेता है तब पिताजी एक चिट्ठी लाकर देते है कि मैंने तुम्हारी नौकरी की बात की है कल जॉइन कर लो लेकिन सिद्धांतों से बंधा प्रकाश ऐसा नहीं करता और खुद अपनी काबिलियत से नौकरी पाता है।

### ...बाप वाली गलती दोहराई

नौकरी में उसने मिठाई के डब्बे नहीं लिए। फिर वह शादी भी अपने पिता की मर्जी के खिलाफ करता है। उसकी बच्ची होती है, जिसके लिए एक लाल रंग की फ्रॉक लाता है और सोचता है कि जब वो समझदार होगी तब दूंगा। फ्रॉक पर बात कुछ इस तरह घुमती है कि प्रकाश को रागिनी के प्रेम प्रसंग के बारे में पता चल जाता है। बस यहीं से वह एक परम्परावादी बाप की तरह अपने जीवन की सबसे बड़ी गलती कर बैठता है। नहीं चाहता है कि रागिनी किसी ऐसे लड़के से शादी करे जो प्रकाश की मर्जी के खिलाफ हो और इस एक गलती की सजा उसे अंत में मिलती है कि उसकी बेटी घर छोड़कर चली जाती है। नाटक में संगीत सरगम भटनागर का रहा तो संयोजक नवल डांगी, कैमरा व प्रकाश मनोज स्वामी, साउंड संयोजन विनोद सागर गढ़वाल, मंच संयोजन वीरेंद्र सिंह राठौड़ अंकित शर्मा नोनू व जीवितेश शर्मा का रहा।



पूजा करने का कोई सिद्धांत नहीं है, परमात्मा हर उस दिल की सुनता है, जो पवित्र, निर्दोष और ईमानदार है।
**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

### बांग्लादेश में 30 साल में सबसे भीषण बाढ़

# अब तक 15 लोगों की मौत, 48 लाख प्रभावित



## पाकिस्तान उठा रहा मौके का फायदा, बोला-हर मदद देने को तैयार



**ढाका।** बांग्लादेश के पूर्वी इलाके में 30 सालों में सबसे विनाशकारी बाढ़ आई है। इससे 12 जिले में करीब 48 लाख लोग प्रभावित हुए हैं। अब तक 15 लोगों की मौत हो चुकी है। बाढ़ में हजारों घर जलमग्न हो गए जिसकी वजह से कई परिवारों को दूसरे इलाके में शरण लेनी पड़ी है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बांग्लादेश में आई बाढ़ को लेकर चिंता जाहिर की है और मदद की पेशकश की है। पाकिस्तानी पीएम ने शुक्रवार को बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के चीफ एडवाइजर मोहम्मद यूनुस को चिट्ठी लिखी। शरीफ ने चिट्ठी में लिखा है, "पाकिस्तान बाढ़ से प्रभावित उन लोगों के साथ बहादुरी से खड़ा है जिन्होंने अपने करीबी लोग, घरों और रोजगार खो दिए हैं। हम बांग्लादेश को किसी भी प्रकार की सहायता देने के लिए तैयार हैं।"

### सोशल मीडिया पर भी भारत विरोधी लहर

बांग्लादेश में कुछ लोग भारत को बदनाम करने की साजिश रचते हुए इस बाढ़ का ठीकरा भारत के माथे फोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। इन लोगों द्वारा सोशल मीडिया पर भारत के खिलाफ बड़े पैमाने पर प्रोपेगेंडा फैलाया जा रहा है। बांध के पुराने वीडियो को यह कहकर शेयर किया जा रहा है कि भारत ने पानी छोड़कर बांग्लादेश में बाढ़ ला दी है। कई ऐसे पोस्ट वायरल हैं, जिनमें दावा किया गया है कि भारत ने जानबूझकर बांग्लादेश में पानी छोड़ा, क्योंकि वह शेख हसीना के हटने से नाराज है। जबकि भारत बोल चुका है। ज्यादा बारिश की वजह से यह बाढ़ आई है। इसके बाद भारतीय विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा है कि बांग्लादेश में आई बाढ़ के लिए भारत जिम्मेदार नहीं है। विदेश मंत्रालय ने कहा, "बांग्लादेश में यह अफवाह है कि बाढ़ की वजह त्रिपुरा में डंबूर बांध का दरवाजा खोलना है। यह सच नहीं है।" मंत्रालय ने कहा कि भारत और बांग्लादेश से होकर बहने वाली गोमती नदी के आस-पास के इलाके में इस साल की सबसे ज्यादा बारिश हुई है। इस वजह से दोनों तरफ समस्या हुई है। दोनों देशों के बीच मौजूद नदियों में आने वाली बाढ़ एक साझा समस्या है, जिससे दोनों देशों के लोगों को जूझना पड़ता है। इससे निपटने के लिए दोनों देशों के सहयोग की जरूरत है।

### डंबूर बांध तो 120 किमी दूर है

मंत्रालय ने यह भी कहा कि डंबूर बांध बांग्लादेश की सीमा से 120 किलोमीटर से अधिक दूर है। यह कम ऊंचाई (करीब 30 मीटर) का बांध है, जो बिजली पैदा करता है और वह बिजली ग्रिड में जाती है। इससे बांग्लादेश को भी त्रिपुरा से 40 मेगावाट बिजली मिलती है।

### त्रिपुरा में 31 साल बाद हुई इतनी बारिश

एक रिपोर्ट के मुताबिक त्रिपुरा में अगस्त महीने के दौरान अब तक सामान्य से 151% ज्यादा बारिश हो चुकी है। यहां चार दिनों से लगातार बारिश हो रही है। इस वजह से आई बाढ़ से 17 लाख से ज्यादा लोग इससे प्रभावित हुए हैं। त्रिपुरा के मंत्री रतन लाल नाथ के मुताबिक गोमती जिले में इस महीने 656.6 मिमी बारिश हुई है। यह सामान्य बारिश के मुकाबले 234% ज्यादा है। साल 1993 में 21 अगस्त को एक दिन में सबसे ज्यादा 247 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई थी। इस साल 20 अगस्त को 1 दिन में 375.8 मिमी बारिश हुई। 31 साल का रिकॉर्ड टूट गया।

### दुनिया करती रही ईरान के बदला लेने की बात...

# इजराइल ने मचाई तबाही

**एजेंसी** | तेल अवीव

इजराइल ने शुक्रवार रात को हमस और हमा के आसपास बने चार सैन्य केंद्रों और ईरानी क्रांतिकारी गार्ड कोर (आईआरजीसी) के कुद्स फोर्स और ईरान समर्थित प्रॉक्सी बलों के हथियार डिपो पर हवाई हमले किए। इन हमलों में कम से कम तीन ईरान समर्थित लड़ाके मारे गए और दस अन्य घायल हो गए।

यूके में सीरियाई ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स के अनुसार इन हमलों के निशाने पर हमा के उत्तर-पश्चिम में एक हथियार डिपो, ब्रिगेड 47 का कमांड सेंटर और माराआन पहाड़ पर एक डिफेंस सुविधा थी, जहां कुद्स फोर्स के IRGC के सदस्यों के साथ-साथ ईरान समर्थित सीरियाई और गैर-सीरियाई लड़ाके तैनात हैं। इसके अलावा, इजराइली सेनाओं ने होम्स रिफाइनरी के पश्चिम में हिजबुल्ला के सीरियाई सदस्यों के फ्यूल डिपो को भी निशाना बनाया है। इसके अलावा माराआन पहाड़ के दक्षिण में एक और साइट को, जो ईरान समर्थित रैपिड रिस्पांस ग्रुप का कमांड सेंटर था उसे भी निशाना बनाया गया है।



### एयर डिफेंस सिस्टम ने दिया जवाब

हमा सैन्य हवाई अड्डे पर तैनात एयर डिफेंस सिस्टम ने हमलों का जवाब दिया, लेकिन इजराइली मिसाइलों को रोकने में असफल रही। जिसके कारण, एक हथियार डिपो और फ्यूल टैंक नष्ट हो गए और डिपो में आग लगने के कारण निशाने वाली साइटों से धुआं उठने लगा। सीरिया की राज्य समाचार एजेंसी ने इजराइली हमले की पुष्टि की और बताया कि इस हमले में "सात नागरिक घायल हो गए और नुकसान हुआ है।"

### इजराइल ने आईआरजीसी अधिकारियों को मारा


2013 से इजराइल ने सीरिया में कुद्स फोर्स के आईआरजीसी और ईरान समर्थित प्रॉक्सी बलों के खिलाफ कई हमले किए हैं। इन हमलों में मुख्य रूप से निशाना सैन्य ठिकानों को बनाया गया। हथियार डिपो और पर भी हमले किए गए. माना जाता है कि इजराइल ने ऐसा इसलिए किया, ताकि सीरिया में उनकी मौजूदगी कम की जा सके। हाल के सालों में ये हमले ज्यादा आम हो गए हैं। बता दें, अप्रैल की शुरुआत में, दमिश्क में ईरान के राजनीतिक भवनों पर किए गए एक हमले में, क्रांतिकारी गार्ड के 7 अधिकारी, जिनमें दो जनरल भी शामिल थे, मारे गए थे. इस घटना के बाद, 13 अप्रैल को ईरानी सेना ने इजराइल पर ड्रोन और मिसाइल हमला किए थे।

### इजराइल के अटैक में खोया एक कमांडर

# हिजबुल्लाह ने की मिसाइल की बरसात

**एजेंसी** | यरूशलम

इजराइल और लेबनान के हिजबुल्लाह के बीच जंग के हालात बने हुए हैं। शनिवार को हिजबुल्लाह ने इजराइल की ओर ताबड़तोड़ मिसाइल अटैक किए हैं। इस हमले में इजराइली सीमा के अंदर स्थित कई घर तबाह गए। इस हमले के बाद का वीडियो आईडीएफ ने अपने एक्स अकाउंट पर शेयर किया है, जिसमें कई घर जलते दिख रहे हैं। यहअटैक शुक्रवार को हुए इजराइली हमले के जवाब में किया है। इजराइल ने शुक्रवार को किए हमले में हिजबुल्लाह की ड्रोन और रॉकेट इकाई के एक संचालक मोहम्मद महमूद नजेम को मारने का दावा किया है। हिजबुल्लाह ने भी नजेम की मौत की पुष्टि कर दी।



### हिजबुल्लाह के चार और सदस्य मारे गए

हिजबुल्लाह ने इजराइली हमले में नजेम के साथ ही अपने समूह के चार अन्य सदस्यों के मारे जाने की बात स्वीकार की है। एक मृतक बच्चे के चाचा अब्दुल्ला मुर्तदा ने इस हमले के बाद कहा, 'हम शहीदों के देश में रहते हैं। हम शहादत देते हैं। हम किसी देश या उसके हमलों से डरने वाले नहीं हैं। हमारे बच्चे, हमारी महिलाएं, हमारे बेटे शहादत के लिए तैयार रहते हैं। बच्चे की शहादत पर गर्व करते हैं, जो जबल अमेल (दक्षिण लेबनान) का प्रतीक है।

### इजराइल ने किए रॉकेट ध्वस्त

इजराइल द्वारा हिजबुल्लाह के ठिकानों पर हमले के बाद उसने इजराइली सीमा में रॉकेट की बारिश कर दी। ज्यादातर रॉकेट को इजराइली एयर डिफेंस सिस्टम ने हवा में ही ध्वस्त कर दिया। वहीं, कुछ रॉकेट इजराइली शहरों के बाहर खेतों में गिरे। पिछले साल अक्टूबर में गाजा पर इजराइल के हमले के बाद से ही हिजबुल्लाह और इजराइल के बीच भारी गोलीबारी का दौर जारी है। इन हमलों में लेबनान में 500 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं।

### भारत आ रहे बांग्लादेश के पूर्व जज गिरफ्तार

# बांग्लादेश बॉर्डर के करीब सिलहट में पकड़े गए

**एजेंसी** | सिलहट

भारत आ रहे बांग्लादेश में सुप्रीम कोर्ट के रिटायर जज शम्सुद्दीन चौधरी माणिक को शुक्रवार रात सिलहट में बॉर्डर के पास गिरफ्तार कर लिया गया।



बांग्ला मीडिया के मुताबिक वे भारत भागने की कोशिश कर रहे थे, इस दौरान स्थानीय लोगों ने उन्हें पकड़ लिया। इसके बाद उन्हें बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) के हवाले कर दिया गया। बीजीबी ने इसकी पुष्टि की है। माणिक को देर रात तक बीजीबी चौकी में ही रखा गया था।

शनिवार सुबह उन्हें सिलहट हेडक्वार्टर ले जाया गया। माणिक के खिलाफ गुरुवार को मानहानि का मुकदमा दायर किया गया था। उन पर खालिदा जिया के दिवंगत पति और बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के संस्थापक जियाउर रहमान पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप लगा था।

### फ्रांस जा रहे पत्रकार दंपती गिरफ्तार

बांग्लादेश में शेख हसीना के देश छोड़ने के बाद उनके कई करीबी लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इससे पहले बांग्लादेश में शेख हसीना के समर्थक माने जाने वाले टीवी पत्रकार दंपती फरजाना रूपा और उनके पति शकील अहमद को गिरफ्तार किया गया था।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl